## आज का दिन

भारत के महान सपूत एवं क्रान्तिकारी उधम सिंह 31 अप्रैल 1919 को ब्रिटिश शासनकाल में घटित बर्बर जालियाँवाला बाग नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शी थे। इस घटना से वीर उधमसिंह तिलमिला गए और माइकल ओ'डायर को सबक सिखाने की प्रतिज्ञा ले ली। अपने इस उद्दश्य की पूर्ति के लिए उधम सिंह ने विभिन्न नामों से अफ्रीका, नैरोबी, ब्राजील और अमेरिका की यात्रा की। सन 1934 में उधम सिंह लंदन पहुँचे और वहां 9, एल्डर स्ट्रीट कमर्शियल रोड पर रहने लगे। वहां उन्होंने एक कार खरीदी और छह गोलियों वाली एक रिवाल्वर भी खरीद ली।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 10 | पृष्ठ 12 | अंक 215 | रांची, गुरुवार, 13 मार्च 2025 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com







# बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री

## आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए राज्य में विधि व्यवस्था संधारण की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

मौके पर मुख्यमंत्री ने वरीय पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा श्री प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान ए०वी० होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय श्री मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।



**बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी इत्यादि त्योहारों के मद्देनजर राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें। पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में किसी भी प्रकार से कोई छोटी-मोटी अप्रिय घटना, सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इस निमित्त पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट मोड पर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की संभावनाएं रहती है, उन क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए।

**शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी दी।

आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश :

1. आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
2. विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दण्डाधिकारी/बलों की उपलब्धता एवं प्रतिनियुक्ति करें।
3 धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई एवं सी०सी०टी०वी० का अधिष्ठापन तथा इलेक्ट्रोनिक सर्विलास की व्यवस्था की जाए।
4 जुलूस मार्गो का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।
5. जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों में दण्डाधिकारी/बलों की प्रतिनियुक्ति तथा विडियोग्राफी/ड्रोन द्वारा एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
6. जुलूस के साथ दण्डाधिकारी / बलों की प्रतिनियुक्ति एवं दफळर इत्यादि की व्यवस्था की जाए।
7 जुलूस मार्गों में लगातार प्रकाश / पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था की जाए।
8 जिला स्तरीय थाना द्वारा स्तरीय शांति समिति की बैठक की जाए।
10. जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर केनन की उपलब्धता का सत्यापन एवं एंटी रॉयट कन्ट्रोल ड्रील की व्यवस्था की जाए।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नवनियुक्त चिकित्सकों को दिया नियुक्ति पत्र

**56 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी , 38 चिकित्सा पदाधिकारी , 11 दंत चिकित्सक, 57 ओटी टेक्निशियन की हुई नियुक्ति**

उज्ज्वल दुनिया सं

### नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में हुआ नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की सोच स्वास्थ्य झारखंड सुखी झारखंड को पूरा करने का प्रयास स्वास्थ्य विभाग कर रहा है । आने वाले दिनों में झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिलेगा । रिम्स में मरीजों के दबाव को कम करने के लिए बहुत जल्द ही 5 सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल की स्थापना करने जा रहे हैं । झारखंड में डॉक्टर्स की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ,इसी क्रम में आज डॉक्टर्स को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है । इससे पहले भी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र दिया गया था । जल्द ही स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार से अधिक बहाली की जाएगी । रिटायर डॉक्टर्स से भी सेवायें ली जाएगी । वह बुधवार को नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी , चिकित्सा पदाधिकारी , दंत चिकत्सक और ओटी टेक्निशियन के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे ।इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त चिकत्सकों को बधाई दी साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ने भी उन्हें शुभकामनाएँ दी है।



**समाज को दिशा देने में चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण:** डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि नवनियुक्त चिकित्सकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है ।अब आप जानता के बीच जाकर अपनी सेवाएं देंगे । अपनी क्षमता से समाज को एक खूबसूरत दिशा देने का प्रयास करेंगे । आपकी पोस्टिंग विभिन्न अस्पतालों में होगी ,आपका प्रयास होना चाहिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले। चिकित्सक मरीजों की जान बचाने का काम करते हैं इसलिए हमे उनका मनोबल भी बढ़ाने का काम करना होगा ।

# मतदाता पहचान पत्र के लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द करें निष्पादित : के. रवि कुमार

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र पंजिकरण से संबंधित कोई शिकायत न रहे।

के. रवि कुमार बुधवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने में जीरो एरर के लक्ष्य से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विगत के चुनावों में मतदाता सूची के निर्माण एवं मतदाताओं के पंजिकरण के लिए बेहतर कार्य हुए हैं। उस कार्यप्रणाली को अभी भी एक्टिव रखें ताकि ससमय मतदाताओं के समस्याओं का निराकरण होता रहे।

उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर किसी भी मतदाता के शिकायत पेंडिंग न रहे सभी शिकायतों का ससमय निराकरण करते हुए संबंधितों को सूचित करें।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट का फैसला: प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने को विशेष कोर्ट गठन की मिली मंजूरी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में बुधवार को राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोकने के लिए विशेष कोर्ट के गठन की मंजूरी दी गई। इसके तहत परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय अधिनियम-2023 की धारा-26 के तहत अपर न्यायायुक्त-एक, रांची के कोर्ट को विशेष कोर्ट के रूप में स्वीकृति दी गई।

**कैबिनेट की बैठक में लिए गए अन्य फैसले**

-झारखंड हाई कोर्ट में दायर मामले में माभगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर की सेवा नियमित करने और उनकी बेटी प्रिया महान्ती को अनुकंपा पर नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।




- हाई कोर्ट के आदेश पर हसनैन अख्तर की सेवा नियमित करते हुए उन्हें वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।
- हाई कोर्ट में दायर मामले में सेवानिवृत लिपिक देवनारायण सिंह की सेवा नियमित करने और अन्यि वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट के लिए नियुक्त विधि पदाधिकारियों और उनके एसोसिएट काउंसेल की ओर से हाई कोर्ट के अलावा मुख्यालय के अंदर किसी अन्य कोर्ट या न्यायाधिकरण में पैरवी करने के लिए फीस निर्धारण की स्वीकृति दी गई।
- झारखण्ड सम्पूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए मार्च, 2025 तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई। ऊर्जा विभाग के मुख्ये अभियंता के सचिव अरविन्द कुमार बलदेव प्रसाद के इलाज में हुए 28 लाख रुपये के खर्च की राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया। उनके कैंसर का इलाज अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर, चेन्नई में किया गया था।
- गोड्डा के एनआरईपी के पूर्व कार्यपालक अभियंता राधेश्याम मांझी पर लगाए गए दो वेतन वृद्धि की रोक के खिलाफ विरूद्ध समर्पित अपील को स्वीकृत करते लगाए गए दंड के परिमार्जन की स्वीकृति दी गई।
- भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी स्वार्गीय नागेन्द्र कुमार सिन्हा को एयर एम्बुलेन्स से रांची से हैदराबाद ले जाने और इसपर खर्च हुए 14.52 लाख रुपए देने का निर्णय लिया गया।
- जल संसाधन विभाग के विशेष भू-अर्जन और पुनर्वास कार्यालयों के छटनीग्रस्त कर्मियों की सेवा समाप्ति और पुनर्बहाली के बीच की सीमा सेवा के दौरान वेतन देने का निर्णय लिया गया।
- छठे झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान की स्वीकृति दी गई।

राज्य के एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रण में चलने वाले आश्रम विद्यालयों, पीवीटीजी आवासीय प्राथमिक विद्यालयों, अनुसूचित जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय तथा अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालयों के संचालन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से कराने की अवधि विस्तारित करने की स्वीकृति दी गई।







# एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक में कानूनी पहलुओं पर चर्चा

उज्ज्वल दुनिया सं

**नई दिल्ली।** संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने मंगलवार (12 मार्च) को ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्ण (ओएनओई) पहल पर चर्चा करने के लिए बैठक की। इसमें पूर्व न्यायाधीशों और कानूनी विशेषज्ञों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।

विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों ने इससे जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछे। जेपीसी ने निकट भविष्य में जनता की भावनाओं को समझने के लिए विज्ञापन देने और वेबसाइट बनाने का निर्णय लिया। समिति की अगली बैठक 17 मार्च को होगी।

संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने अध्यक्ष पीपी चौधरी के नेतृत्व में एक राष्ट्र, एक चुनाव (ओएनओई) से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर मंगलवार शाम संसद भवन परिसर में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेमन शामिल हुए। कानूनी विशेषज्ञों ने इस मामले पर अपनी विस्तृत जानकारी दी। विभिन्न राजनीतिक दलों से समिति के सदस्यों ने कई विषयों पर सवाल पूछे। बैठक में मौजूद कांग्रेस के कई सदस्यों ने विधेयक की वैधता भी पर सवाल उठाए। बैठक के बाद जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि सभी सदस्य राष्ट्रीय हित की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जेपीसी दलीय राजनीति से परे स्वतंत्र रूप से काम करती है। इसके अलावा, पीपी चौधरी ने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गए सवालों का समाधान का रास्ता बनाया जा रहा है।



# वायु सेना के लिए ट्रांसपोर्टेबल राडार 'अश्विनी' खरीदे जाएंगे, बीईएल से 2,906 करोड़ रुपये का अनुबंध



नई दिल्ली, उज्ज्वल दुनिया सं

रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाने के लिए बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 2,906 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। इस लागत से वायु सेना के लिए लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल राडार अश्विनी खरीदे जाएंगे। इस राडार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है।

नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में आज इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह राडार उच्च गति वाले लड़ाकू विमानों से लेकर मानव रहित जहाजों तथा हेलीकॉप्टरों जैसे धीमी गति से चलने वाले लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम है। इसके अधिग्रहण से भारतीय वायु सेना की परिचालन तैयारियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह कार्यक्रम देश में रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के अलावा विदेशी मूल के उपकरण निमार्ताओं पर निर्भरता को कम करके रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## एक-नजर

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश रवाना हुए

**रामगढ़ ।** मंगलवार को राधा गोविंद विश्विद्यालय भूगोल विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम सत्र के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अनुसार इस वर्ष नौ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश को रवाना हुए। इस क्रम में छात्र-छात्राएं हिमाचल प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों जैसे शिमला, कुल्लू, मनाली, कसोल, सोलंग घाटी, मनिकर्ण और साथ ही दिल्ली का भ्रमण करेंगे। विद्यार्थियों का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की भू-आकृति, बागवानी, नगरीय बसाव, आदिवासी प्रतिरूप, पारिस्थितिक तंत्र और साथ ही वहां के पर्यटन उद्योग और परिवहन संबंधी विशेषताओं को समझना है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा की यह शैक्षणिक भ्रमण आपके लिए एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव होगा। संस्था की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को नए स्थानों और संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है, जिससे उनका ज्ञान बढ़ता है। विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी (डॉ) संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमारऔर प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की मंगल यात्रा की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी। मौके पर भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिल्केश्वर प्रसाद, डॉ रविंद्र पासवान ,बुद्धदेव महतो अक्षय कुमार सोनी एवं छात्र- छात्राएं मौजूद थे।010000000

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ में होली मिलन समारोह का आयोजन धूम-धाम से हुआ

**रामगढ़।** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार , डॉ संजय सिंह ने विधिवत विन्ध्वासिनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा की होली भारतीय संस्कृति एकता का त्योहार है जिसके माध्यम से हमें भाईचारे, आपसी प्रेम तथा सद्भावना की शिक्षा मिलती है। सचिव प्रियंका कुमारी ने होली के त्यौहार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारीगण, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उत्साह के साथ एकत्रित हुए और सभी एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाईयां दीं। विद्यार्थियों ने भी इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जहां उन्होंने पहले अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और फिर एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय परिसर में नृत्य गीत एवं कीर्तन मंडली का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी ने हर्षित और उल्लासित होकर के अपना नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत होली की परंपरागत मिठाइयों का वितरण हुआ और सभी ने भोजन का भी आनंद लिया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।02

### कैंब्रिज बीएड में मना होलीकोत्सव

**रांची।** कैंब्रिज बीएड में मना होलीकोत्सव कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन, बहया में बुधवार को होलि उत्सव का आयोजन हुआ. संस्थान के प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए. छात्राओं ने भी कार्यक्रम में होली के पारम्परिक गीत गाकर उत्सव में चार चाँद लगा दिया. इसके पूर्व प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को होली की शुभकामनायें दी. कार्यक्रम की समाप्ति के बाद विद्यार्थियों ने आपस में जमकर होली खेली. एक दूसरे को अबीर हुलाल लगाकर हुदंग मचाते हुए होली का आनंद लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रेणु, डॉ सत्येश कुमार सिंह, प्रो जासिंता गुडिया, विकास कुमार विकी, अपूर्वा मुखर्जी, मिलन कुमार आदि की भूमिका अहम रही.

### सपोर्ट संस्था द्वारा डाडी प्रखंड के कलुवाटांड में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**गिद्दी।** सपोर्ट संस्था मांडू प्रखंड के तत्वावधान में डाडी प्रखंड के कलुवाटांड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के विधायक तिवारी महतो ने कहा कि डाड़ी प्रखंड को आदर्श प्रखंड के रूप में प्रस्तावित करना है। सभी महिलाओं से आग्रह किया कि आप लोग योजना बनाकर दें। हम उसे स्वीकृत करेंगे। महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड प्रमुख श्रीमती दीपा देवी ने सपोर्ट के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरा पूरा सहयोग रहेगा। जिससे महिला आर्थिक रूप से सशक्त बनें। सपोर्ट संस्था के सचिव भवानी शंकर गुप्ता ने बताया कि सपोर्ट विगत 27 वर्षों से क्षेत्र में विकास का कार्य कर रही है। सर्वप्रथम महिलाओं को संगठित करने का कार्य किया गया। सपोर्ट संस्था द्वारा प्रखंड में सोलर पंप, खाद्य सुरक्षा, लाह उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। अभी तक तकरीबन 700 महिलाएं लाह उत्पादन कर रही है।साथ ही लाह चूड़ी का काम नहीं कर रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अनुप्रिया ने कहा कि सपोर्ट के कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाएं जुड़ें। जिससे उनका आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो सकेगा। कार्यक्रम में प्रखंड से पूरा सहयोग दिया जाएगा। अंचल अधिकारी के के वर्मा ने आह्वान किया कि मनरेगा से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर रोजगार के लिए कार्य करें। गांव में आधारभूत संरचना का काम करें। कार्यक्रम में

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

# मतदाता पहचान पत्र के लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द करें डिस्पोजल :के.रवि

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र पंजिकरण से संबंधित कोई शिकायत न रहे। कुमार आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने में जीरो एरर के लक्ष्य से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विगत के चुनावों में मतदाता सूची के निर्माण एवं मतदाताओं के पंजिकरण के लिए बेहतर कार्य हुए हैं। उस कार्यप्रणाली को अभी भी एक्टिव रखें ताकि ससमय मतदाताओं के समस्याओं का निराकरण होता रहे। उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर किसी भी मतदाता के शिकायत पेंडिंग न रहे सभी शिकायतों का ससमय निराकरण करते हुए संबंधितों को सूचित करें। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएनटी आधारित जमीन की वापसी का प्रावधान किया जाएः जयराम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की पार्टी के सुप्रीमो सह डूमरी विधायक आदरणीय टाइगर जयराम कुमार महतो ने जमीन संबंधित विवादों को लेकर जोरदार तरीके से विधानसभा में आवाज उठाई है ! टाइगर जयराम महतो ने कहा कि आज ईश्वर के लिए, खुदा के लिए, रब के लिए, भगवान के लिए, गोड के लिए जमीन का इतना महत्व है ! तो आम जनता के लिए कितना महत्व हो सकता है अध्यक्ष महोदय ! मैं आपको यह संज्ञान में देना चाहता हूं ! अगर इस राज्य का भ्रमण किया जाए तो आप पाएंगे कि इस राज्य का प्रत्येक दूसरा घर आज जमीन संबंधित विवादों से परेशान है! इसलिए आपके माध्यम से सरकार को सचेत करना चाहता हूं कि आप कम से कम अंचल को दुरुस्त करें! नहीं तो आज हर घर गृहयुद्ध में तब्दील हो जाएगा! समस्या है ऑनलाइन रसीद की, समस्या है रोटेशन की, समस्या है पंजी - टू की ! इस राज्य के तमाम आंदोलन चुहाड विद्रोह से लेकर, तमाड विद्रोह से लेकर ,बिरसा मुंडा का आंदोलन भूमि पर आधारित आंदोलन रहा है! उसी के परिणाम स्वरूप इस राज्य में सीएनटी कानून, एसपीटी कानून लागू किया गया! लेकिन आज आप सड़को मे देखेंगे कि आदिवासी समाज के लोग रांची में सरना झंडा गाडकर अपने जमीनों की रक्षा कर रहे हैं ! सीएनटी जमीन होने के बाद भी अध्यक्ष महोदय !

**गरीब समाजसेवी संघ भुरकुंडा की बैठक में समाजहित में कार्य करने का लिया गया निर्णय**

## दिव्यांगों के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था करने पर की चर्चा, गरीब महिलाओं के बीच बंटेगा साडी



**भुरकुंडा (रामगढ)।** गरीब समाजसेवी संघ भुरकुंडा द्वारा बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन के समीप होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम एवं संचालन उदय स्वर्णकार ने किया। सर्वप्रथम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि संघ द्वारा प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने वालों के बीच चाय-नाश्ता का प्रबंधन किया जाता है, तो निरंतर जारी रहेगा। बताया गया कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए गरीब समाजसेवी संघ ने मोतियाबिंद जांच शिविर लगाकर दर्जनों लागों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया है। मौके पर मनोज राम ने प्रस्ताव लाया कि ब?कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी से एक एंबुलेंस की मांग की जाएगी। ताकि गरीब-जरूरतमंदों को इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचने में सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि संघ अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाता रहेगा। समाजसेवी पप्पू सिंह ने कहा कि रविवार को जब हमलोग चाय-नाश्ता का वितरण कर रहें थे तब कुछ दिव्यांगों से मिले थे। जिन्होंने व्हीलचेयर की मांग की है। वहीं कुछ गरीब महिलाओं ने सा?ी की मांग की थी, उसे हर हाल में पूरा किया जायेगा। समाजसेवी श्री सिंह ने कहा कि पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर दिव्यांगों के लिए जल्द ही व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई जायेगी। साथ ही महिलाओं के बीच सा?ी का वितरण भी जल्द किया जायेगा। उन्होंने संघ के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिनसे जितना सहयोग हो सकता है वे गरीबों के लिए जरूर करें। इधर संघ के सदस्य रमेश राम ने 21 सा?ी देने की घोषणा की। जिसपर संघ के लोगों ने उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया। बैठक के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आने होली पर्व की बधाई दी। इस दौरान लोगों ने एक से ब?कर एक लजीज व्यंजनों का भी सामुहिक रूप से आनंद उठाया। मौके पर संघ के मनोज राम, समाजसेवी पप्पू सिंह, दिनकर कुमार सिंह, रश्मि कुमारी, अजय सोनी, लीला सागर, केसी दास, राजेंद्र मुंडा, आशित कुमार साहू, मनोज कुमार, राहुल झा, विजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थें।

### डाडी प्रखंड में बलसगरा के शिवनगर और शर्माटोला में चलाया गया कानूनी जागरूकता अभियान

**गिद्दी।** झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग की ओर से बुधवार को डाडी प्रखंड के अंतर्गत (बलसगरा पंचायत के शिवनगर और शर्मा टोला में डोर टू डोर कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान मे डाडी प्रखंड के पी0 एल0 वी द्वारा लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान घरेलू हिंसा डायन भूत प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।साथ ही नशीले पदार्थ के सेवन से होने वाले नुकसान,बाल विवाह से संबंधित जानकारी भी दिया गया। इस दौरान लोगों ?े आपसी विवाद मे बातचीत के माध्यम से समझौता करवाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग मे आने का सुझाव दिया गया।जहां समय और पैसा दोनों को महत्व दिया जाता है तथा त्वरित एवं निःशुल्क कार्य किया जाता है। साथ ही पॉक्सो एक्ट के बारे में भी लोगों ?े जानकारी दी गई।

## पहला कदम स्मार्ट स्कूल के नन्हे-मुन्नों बच्चों खेली होली, गुलाल उडाकर की मस्ती



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पिस्का नगड़ी।** नगड़ी पहला कदम स्मार्ट स्कूल में बुधवार को होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्हें-मुन्नों ने शिक्षिकाओं के साथ जमकर अबीर-गुलाल उ?ाया और प्राकृतिक रंगों से होली खेली।पहला कदम स्मार्ट स्कूल पिस्का नगड़ी कुडला पुल के समिप विद्यालय प्रांगण में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. इसके साथ ही बच्चों ने शिक्षक व शिक्षिकाओं को भी गुलाल लगाकर उनसे आशीष प्राप्त किया. मौके पर विद्यालय के शिक्षकों सीता देवी ने बताया कि होली बसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है. यह बुराई पर अच्छाई की जीत के उल्लास में मनाया जाता है. होलिका रूपी अहंकार के पतन एवं प्रह्लाद रूपी सात्विक विचारों के विजय से हम सीख लेकर जीवन को उज्ज्वल एवं सुखमय बना सकते हैं. उन्होंने कहा कि इस पर्व में राग द्वेष को भूलकर सभी लोग रंगों में डूबकर एवं एक दूसरे को गले लगाकर जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं. असल में यही हमारी भारतीय संस्कृति की असली पहचान है. वहीं इस दौरान रंग एवं गुलाल में लिपटे बच्चे काफी प्रसन्न दिखे. मौके पर उपस्थित शिक्षकों वर्षा पुष्पा दुबे राधिका कुमारी पिंकी शर्मा पूजा कुमारी एवं नन्हे मुन्ने बच्चों उपस्थित थे

## सैमसंग ने एआई-पावर्ड गैलेक्सी बुक5 सीरीज पीसी लॉन्च किया

**रांची:** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नए एआई-पावर्ड पीसी लाइन-अप-गैलेक्सी बुक5 प्रो, गैलेक्सी बुक5 प्रो 360 और गैलेक्सी बुक5 360 को लॉन्च कर दिया है। एआई पीसी की नई रेंज गैलेक्सी एआई की शक्ति को माइक्रोसॉफ्ट के कोपायलट+ पीसी अनुभव के साथ जोड़ती है ताकि शानदार उत्पादकता, रचनात्मकता और इंटेलिजेंट वर्कफ्लो मिल सके। गैलेक्सी बुक5 सीरीज पहली बार एआई के साथ आती है। नई सीरीज में एआई कंप्यूटिंग के लिए न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट के साथ-साथ एआई सेलेक्ट और फोटो रीमास्टर जैसे गैलेक्सी एआई फीचर हैं। एआई सेलेक्ट, गैलेक्सी स्मार्टफोन पर गूगल के साथ सर्किल टू सर्च जैसा फ़ीचर है, जो एक क्लिक से क्विक सर्च और जानकारी निकालने में सक्षम बनाता है। फोटो रिमास्टर एआई संचालित क्लैरिटी और शार्पनेस के साथ इमेज को बेहतर बनाता है। गैलेक्सी बुक5 सीरीज इंटेल0 कोरङ अल्ट्रा प्रोसेसर (सीरीज 2) द्वारा संचालित है, जिसमें 47 (प्रति सेकंड टेरा ऑपरेशन) तक के शक्तिशाली एनपीयू, बेहतर ग्राफिक्स प्रदर्शन के लिए जीपीयू में 17 प्रतिशत की वृद्धि और सीपीयू सिंगल-कोर परफॉर्मेंस में 16 प्रतिशत की वृद्धि है। इंटेल एआई बूस्ट की विशेषता वाली, गैलेक्सी बुक5 सीरीज शीर्ष-स्तरीय प्रदर्शन, सुरक्षा और दक्षता प्रदान करती है। लूनर लेक के नए सिरे से डिजाइन किए गए सीपीयू-जीपीयू सेटअप, अपग्रेड किए गए ।

## आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देते हैं हमारे पर्व-त्योहारः रोशन



**भुरकुंडा (रामगढ)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी द्वारा बुधवार को सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ब?कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और विषिष्ट अतिथि यूनियन के महामंत्री सतीश सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने आने वाले रंगों का त्योहार होली की शुभकामनाएं देते हुए यूनियन के लोगों से जमकर होली खेली। साथ ही एक से ब?कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए विधायक श्री चौधरी ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। हमसबों को सभी पर्व-त्योहार सौहार्द्रपूण वातवरण में भाईचारगी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों को होली की बधाई देते हुए क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। मौके पर क्षेत्रिय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, सह सचिव विकासकांत सिन्हा, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, शैलेंद्र सिंह, रामश्रीठ, राधिका सिंह, शिवनंदन दास, रंधीर साव, विनोद सिंह, शंकर सिंह, केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, शंकर सिंह, विनोद सिंह, अनिल कुमार, शिवनंदन दास, रणधीर साव, धर्मेंद्र मिश्रा, अरविंद, विनोद सिन्हा, रितेश पाल, महेश कुमार मेहता आदि शामिल थे।

# पारस हॉस्पिटल के डॉक्टर ने किडनी की जांच करने की सलाह दी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विश्व किडनी दिवसः शुगर, बीपी कंट्रोल करें और भरपूर पानी पीएं : डॉ. अशोक कुमार वैद्य**




**रांची।** विश्व किडनी दिवस पर पारस हॉस्पिटल एचइसी के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. अशोक कुमार वैद्य ने कहा कि हर साल मार्च माह के दूसरे गुरुवार को किडनी दिवस मनाया जाता है। इस साल किडनी दिवस 13 मार्च को मनाया जा रहा है। इस बार विश्व किडनी दिवस 2025 की थीम है, ÷क्या आपकी किडनी ठीक है? समय रहते पता लगाएं, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें÷। यह किडनी की गंभीर बीमारी से पहले उसे पहचानने के लिए किडनी जांच की अहमियत पर जोर देता है। डॉ. वैद्य ने बताया कि किडनी पूरे शरीर के रासायनिक संतुलन को बनाए रखने का काम करती है और यह शरीर के विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है। झारखंड में किडनी से संबंधित बीमारियों में निरंतर वृद्धि हो रही है, और ऐसे में लोगों को जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किडनी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए शुगर और बीपी को नियंत्रित करना बेहद जरूरी है, साथ ही भरपूर पानी पीना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी दवा का सेवन, विशेषकर पेन किलर्स का सेवन, से बचना चाहिए। जंक फूड से दूर रहना और प्रतिदिन 2 से 2.5 किलोमीटर पैदल चलना चाहिए। इसके अलावा, नियमित रूप से एक्सरसाइज और खानपान पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. वैद्य ने यह भी कहा कि 30 साल से ऊपर की उम्र के लोगों को हर साल एक बार किडनी की जांच जरूर करवानी चाहिए, खासकर यदि घर में शुगर, बीपी या किडनी से संबंधित कोई बीमारी हो। अगर शरीर में सूजन या फूलने जैसी समस्या हो तो यह भी किडनी की बीमारी का संकेत हो सकता है, जिससे किडनी की जांच जरूरी हो जाती है। विश्व किडनी दिवस का उद्देश्य लोगों को किडनी के महत्व और उसके स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में जागरूक करना है, क्योंकि किडनी से जुड़ी कोई भी समस्या समय रहते पहचानकर उसका इलाज कराया जा सकता है। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने बताया कि पारस हॉस्पिटल में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है, और यहां हर महीने 1800 से अधिक मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है, जिससे किडनी रोगियों को काफी राहत मिल रही है। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने बताया कि एचईसी और आसपास के इलाकों के किडनी रोगी अब बिना दूर गए पारस हॉस्पिटल में डायलिसिस की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। यहां किडनी से संबंधित सभी रोगों का इलाज अनुभवी एवं प्रख्यात डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है।

# साक्षरता दर बढाने में मजबूत बुनियादी साक्षरता अहम भूमिका निभाती हैःमनोज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**पतरातू (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के वर्किंग हॉल में सीख सृजन समृद्धि योजना तहत पीरामल फाउंडेशन द्वारा सेविकाओं को दिये जा रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। समापन शिविर के मुख्य अतिथि पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि साक्षरता दर बढ़ाने में मजबूत बुनियादी साक्षरता अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने पीरामल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आंगनबाडी में बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रशिक्षण शिविर काफी लाभदायक सिद्ध होगा। शिविर में क्षेत्र में बुनियादी साक्षरता को मजबूत बनाने और आंगनवा?ी में टीएलएम की उपलब्धता लो कोस्ट नो कोस्ट से बढ़ाने को लेकर पीरामल फाउंडेशन की निशा वर्मा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गांधी फेलो किशन मौर्या द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया है। निशा वर्मा ने कहा कि आंगनबा?ी में टीएलएम की उपलब्धता बढ़ाने, बच्चों को खेल-खेल में सीखने और बच्चों को आंगनवा?ी आने के लिए प्रेरित करना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट का नाम सीख सृजन समृद्धि है। जिसका मकसद बाल हितैषी पंचायत थीम को ब?ावा देकर बुनियादी साक्षरता को मजबूती प्रदान करना है। इसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में डायट संकाय सदस्य तौसीफउल, रूपम कुमारी, स्कूल प्रभारी उत्तम कुमार और पीरामल फाउंडेशन के लोग शामिल थें।

# होली मिलन समारोह में जनजातीय छात्रों ने एक-दूसरे को लगाए अबीर-गुलाल

**रांची,** । राष्ट्र संवर्धन समिति की ओर बुधवार को जनजातियों छात्रों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विवेक भसीन ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाए और होली की बधाई दी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड, जो एक जनजातीय बाहुल्य राज्य है, वहां विभिन्न राष्ट्र विरोधी शक्तियां जनजाति समाज के बीच विद्वेष और अलगाव फैलाने के प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में पत्थरगढ़ी, पैसे के आधार पर अनाथों के दत्तक देने जैसे मुद्दों और चाईबासा में कोल्हान को एक अलग राज्य बनाने की मांग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में एक बड़े षड्यंत्र की संभावना है, जो राष्ट्र के खिलाफ कार्य कर रहा है। इन परिस्थितियों में, संगठन ने पिछले दो वर्षों में जनजातीय बालकों के लिए निःशुल्क छात्रावास चलाया है। इस छात्रावास का नाम प्रणवानंद बिरसा मुंडा जनजातीय छात्रावास रखा गया है। यह छात्रावास समाज के सहयोग से सफलतापूर्वक चल रहा है और इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के बालक भारतीय जीवन मूल्यों के आधार पर शिक्षा



प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि संगठन की आगे की योजना मैकलुस्कीगंज में विद्यालय सह छात्रावास का निर्माण करना है। इसके लिए संस्था ने भूमि भी प्राप्त की है और वर्तमान में वहां ग्राम जागरण और ग्राम संस्कार केंद्रों के माध्यम से कार्य चल रहा है। आगामी समय में, वहां 2000 जनजातीय बालकों के लिए निशुल्क शिक्षा देने के उद्देश्य से एक आधुनिक और सुविधायुक्त शिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा, जो भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित होगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्र संवर्धन समिति, जो कि सोसाइटी निबंधन एक्ट 1860 के धारा क के अंतर्गत निबंधित एक सामाजिक संगठन है, इसका प्रधान कार्यालय रांची के निवारणपुर स्थित श्री निकेतन में है। यह संगठन राष्ट्रीय जीवन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ वंचित समुदायों के बीच जीवनमूल्य आधारित शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सहयोग कार्यों को बढ़ावा देता है। होली मिलन समारोह के अवसर पर, समाज के कई प्रतिष्ठित सदस्य और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। समारोह में प्रमुख रूप से अनिल ठाकुर, गुंजन भसीन, विजय कुमार, विष्णु जालान, गणेश रेड्डी, राजीव कमल बिट्टू, राजकिशोर सिंह, आनंद दूबे, कर्मवीर सिंह, धनंजय सिंह, वेदान्त, संजीव, सौरभ, ऋषिकेश कुमार, रुपेश चौबे, राजेंद्र मिश्र, संजय कुमार, डॉ ज्योति प्रकाश समेत समाज और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, में होली मिलन समारोह का आयोजन




**मांडर।** प्रखण्ड स्थित कन्दरी में बुधवार को भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के अतंगर्त भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन धुमधाम से किया गया। साथ की फूड फेस्टिवा एवं बी०एससी० नर्सिंग 2020-24 एवं जी०एन०एम० 2021-24 के फेयरवेल का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव श्री नितिन परासर एवं शैक्षणिाक सचिव डा० दीपाली परासर शामिल हुए। शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने होली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेम व सदभावना का यह त्योहार हर धर्म, सम्प्रदाय और जाति के बंधन को खोलकर भाईचारे का संदेश देता है। इसलिए हम सभी को आपसी सौहार्द्र के साथ इस पर्व को मनाने का प्रयास करना चाहिए। प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा होली के अवसर पर संगीत कार्यक्रम एवं स्वादिष्ट भोजनों के स्टॉल लगाए गए जो सभी के आर्कषण का केन्द्र बना रहा। इससे लोगों में भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर नर्सिंग कि प्राचार्या श्रीमति निहारिका श्रीवास्तवा एवं बी०एड एवं नर्सिंग के व्याख्यातागण शामिल हुए।

### मांडर महाविद्यालय में छात्रों ने जमकर उड़ाए गुलाल, अभाविप के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित



मांडर हाविद्यालय के ग्राउंड में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं एक दूसरे अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी । घंटों तक छात्रों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया, कार्यक्रम का आगाज शिक्षकों ने छात्रों को गुलाल लगाकर किया एवं तत्पश्चात छात्रों ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया । मांडर कॉलेज एडमिशन इंचार्च डॉ.पवन ने छात्रों को संदेश दिया कि पारंपरिक और सभ्यता के तहत होली मनाना चाहिए,यह आपसी सद्भावना का त्यौहार है इसे मिलजुल कर मनाना है एवं वर्तमान युवा पर्व के नाम पर फूहड़ता एवं नशा के शिकार हो जाते हैं यह युवाओं को बबार्दी ओर धकेलता है इस तरह के कुसंस्कृति से युवाओं को बचाना चाहिए। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र उपस्थित रहे। इस आयोजन में परिषद के आदर्श प्रसाद ,राहुल ठाकुर रोहित साहू ,दीपक सिंह रोहित लोहरा, पवन साहू, बिट्टू सिंह, अमन सिंह, अनिकेत सिंह, रोहित करमाली, कमलेश सिंह, पंकज महतो सहित अन्य छात्रों का योगदान रहा।

## संस्कार गाड़ें में होली मिलन समारोह का आयोजन

**रांची**ःभगवा नारी सेना एवं संगीत सरिता के संयुक्त तत्वावधान में रांची में पहली बार मोराबादी स्थित संस्कार गार्डेन मे होली मिलन समारोह के अवसर पर **आत्मनिर्भर,एक मां दो किरदार**कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति हुई जिसमें हुई वैसी महिलाएं जो बिना पुरुष के आगे बढ़ रही हैं और अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण खुशियों के साथ कर रही है साथ ही अपने बच्चों को अच्छा एजुकेशन भी दे रही हैं वैसी सिंगल मदर को आज पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप मे जे.एस.सी.ए.के वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रसिद्ध समाजसेवी संजय पांडे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे अल्पसंख्यक आयोग ( राज्य मंत्री,झारखंड सरकार)के उपाध्यक्ष मंत्री ज्योति सिंह मथारू,सी.डबलू.सी की चेयरपर्सन तनुश्री सरकार,समाजसेवी सीमा



राय,दीपक ओझा,साधना कुमार प्रियंका सिंह,कमल ठाकुर,नितिन सिरमौर,गिरजा शंकर पेड़ीवाल,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,मां सुभद्रा ग्रुप के संस्थापक प्रभात रंजन,विजन आरोग्यं के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, संस्कार गार्डन के निदेशक प्रदीप सरकार आदि मौजूद थे।

मौके पर भगवा नारी सेना की अध्यक्ष पिया बर्मन ने कहा महिलाओं को एक अच्छी प्लेटफार्म देना हम सभी का कर्तव्य है साथ ही उन्हें आगे बढ़ना भी।

संगीत सरिता की संस्थापिका एवं भगवा नारी सेना की संरक्षक वीणाश्री ने कहा मुझे सिंगल मदर होने पर गर्व है मेरा दिल अपने बच्चों के प्यार से भरा है और मै उन्हें अकेले पालने की हिम्मत भी रखती हूं।मां बनना कभी भी आसान नहीं होता लेकिन अकेले ही सब कुछ संभाल कर रखने मे हिम्मत की जरूरत है,इसके पूर्व सभी लोगों रंग अबीर लगाकर को होली की बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा ईश्वर आपको इतना शक्ति दें कि आप हमेशा आगे बढ़ते रहें।

आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से अंजना प्रियदर्शनी,विनीता कुमारी, कुमारी अनीता,नीलाम,शीला, ललिता,संगीता,सुनीता पांडे,रंजीता पांडे,पार्वती सिंह,रंजू सिंह,मीनू शहदेव,पराग सहाय,निर्भय सिन्हा,मिली सिंह,सीमा रानी, ललिता देवी,सुलोचना शहदेव,माधवी सिंह,उपेंद्र चौधरी आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पिया बर्मन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए ।

## एसटी/एससी/ओबीसी एकता मंच डकरा ने की बैठक, डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोहपुर्वक मनाने का लिया निर्णय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**खलारी** अंबेडकर पार्क डकरा में एसटी/एससी/ओबीसी एकता मंच डकरा की बैठक बुधवार को मंच के अध्यक्ष देवपाल मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि जी के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। तत्पश्चात दिनांक 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने हेतु बैठक शुरू हुई।



जिसमें जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसके सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संयोजक बहुरा मुंडा, मिथिलेश पासवान, बिगन सिंह भोगता, विनय खलखो, अमृत भोगता, इंदिरा देवी तुरी, अनिता एक्का, अब्दुल्लाह अंसारी, नरेश गंझू, विश्वनाथ गंझू, जगरनाथ महतो (चूरी), जंग बहादुर राम, अध्यक्ष देवपाल मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र उरांव, उपाध्यक्ष अशर्फी राम, अनिल पासवान, जगन्नाथ महतो, (रोहणी )प्रभाकर गंझू, राजकुमार उरांव, सेवा उरांव, ध्वजा राम धोबी, सचिव राम लखन गंझू, सहसचिव-सतीश पासवान, रविंद्र बैठा, सुखराम सेठ, किशोर रजक, बरतु मुंडा, हलीम खान, संगठन सचिव कन्हाई पासी, विजय उरांव, बालेश्वर उरांव, प्रदीप उरांव, शंभूनाथ गंझू, कोषाध्यक्ष जगदीश गंझू, राम परीखाराम, व्यवस्थापक अनुप रजक, पंकज प्रसाद, नारद राम, रामदेव राम, राजदेव राम के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में नत्यानंद कुमार, रामचरण सतनामी, चरका मुंडा, शुक्रा उरांव, सुखदेव गंझू, नागेश्वर महतो, संजय मुंडा, बिरजू लोहार, रामेश्वर शर्मा, संजय राम, सुनील राम, वीरेंद्र गंझू, परमेश्वर राम, जोगिंदर कुमार, विजय विश्वकर्मा, रामू सतनामी, मीडिया प्रभारी-अमर लाल सतनामी, कार्यालय प्रभारी भावेश वर्मा को बनाया गया है। बैठक में मंच के सभी पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरसों कार्यक्रम में सफलता पूर्वक किसान दिवस का आयोजन

चान्हो प्रखण्ड स्थित बुधवार को सुक्रहुत्तु गाँव, पंचायत लुंडारी,पंचायत के शुकुर हुतु गांव में चान्हो मुख्यालय में आयोजित सी एफ एल डी सरसों कार्यक्रम में 40 एकड़ क्षेत्र में नई मस्टर्ड किस्म 'बिरसा भाभा मस्टर्ड 1' के साथ-साथ निम्नलिखित कृषि उत्पादों एवं तकनीकों का डेमोन्स्ट्रेशन किया गयाः

**समय पर बुआई एवं लाइन में बुआई**

**संतुलित खाद का प्रयोग**

खरपतवार, कीट एवं रोग की समय पर रोकथाम के माध्यम से नये बीज, बिजाअमृत, नैनो यूरिया, नैनो डी ए पी, एमिडाक्लोरोप्रिड्,



मैकजेब एम 45, तथा दस्पर्णी का सहयोग दिया गया था

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों में नवीन कृषि तकनीकों का परिचय कराना और सरसों की खेती में उत्पादन वृद्धि एवं एरिया विस्तार के नए अवसर प्रदान करना था।

**मुख्य बिंदु**

**प्रदर्शनी एवं उत्पादः**

40 एकड़ में 'बिरसा भाभा मस्टर्ड 1' के साथ उपरोक्त कृषि उत्पादों एवं तकनीकों का सफल प्रदर्शन किया गया।

**कार्यक्रम का संचालनः**

कार्यक्रम का सफल संचालन बीटीएम श्री जनक सिंह एवं एफपीओ चान्हो बिरसा मुंडा संगठन प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ श्री जितेंद्र साहू, श्री महादेव ओराव, श्री मिर्जा ओराव एवं श्रीमती सुस्माही टोपो समेत प्रगतिशील किसानों द्वारा किया गया।

**संयुक्त पहल एवं उपलब्धियाँः**

यह आयोजन के वी के - रांची एवं आई सी ए आर अ टा री पटना जोन- 4 के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। साथ ही सी एफ एल डी तेलहन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह, फसल वैज्ञानिक रांची के प्रयासों एवं कृषि विभागों के सहयोग से पिछले 9 वर्षों में सरसों का क्षेत्रफल 24,000 हेक्टेयर तक पहुंचा है। तेलहन को बढ़ावा देने हेतु राची में 1000 एकड़ में सरसों की खेती में के वी के, राची का उत्कृष्ट सहयोग रहा है।

**किसानों की प्रतिक्रियाः**

सभी उपस्थित किसान इस पहल से अत्यंत संतुष्ट हैं एवं भविष्य में इसी तरह के नवोन्मेषी कार्यक्रमों को लेकर आशावादी दृष्टिकोण रख रहे हैं।

यह कार्यक्रम न केवल किसानों के लिए उन्नत कृषि तकनीकों एवं नवीन किस्मों का परिचय लेकर आया है, बल्कि सरसों की खेती में उत्पादन वृद्धि एवं आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है। भविष्य में ऐसे प्रयास क्षेत्रीय कृषि विकास को और मजबूती प्रदान करेंगे।

## होलिका दहन 13 को, 15 को मनाई जाएगी होली

**खूंटी,** । रंगों का त्यौहार होली खूंटी जिले के लगभग सभी गांवों और शहरों में 15 मार्च शनिवार का मनाई जाएगी। होलिका दहन 13 मार्च की रात को होगा। बाबा आम्रश्वर धाम परिसर स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित सच्चिदानंद शर्मा ने बताया कि पंचागों की गणना के अनुसार 13 मार्च गुरुवार को चतुर्दशी तिथि पूर्वाहन 10.02 मिनट तक है। उसी रात भद्रा की समाप्ति के बाद रात 10.57 के बाद होलिका दहन होगा। शुक्रवार 14 मार्च को पूर्णिमा दिन को 11.12 मिनट तक है। उदया तिथि के अनुसार रंगोत्सव होती 15 मार्च को मनाया जाएगा।

कुंजला गांव की बैठक में शनिवार को होली मनाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। ग्राम अध्यक्ष काशीनाथ महतो और बेदेया पाहन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक मे निर्णय लिया गया कि 13 मार्च को रात्रि को 11 बजे होलिका दहन किया जायेगा और , 15 मार्च को होली का त्यौहार मनाया जायेगा।

**गांवों में काटा जाएगा फाग**

खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में होलिका दहन का प्रचलन नहीं है। गांवों में फाग या फगुवा काटा जाता है।

कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग निवासी दिलीप शर्मा बताते हैं कि गुरुवार को सभी गांवों में फाग काटा जाएगा।

उन्होंने बताया गांव के बाहर एक खेत जिसे फगुवा डांड़ कहा जाता है, वहां सेमल की प्रजाति के पेड़ की डाली को लाकर गाड़ देता हैं और शुभ मुहूर्त में मुर्गे की बलि देने के बाद खेर घास से लिपटी डालियों पाहन आंग लगा देता है और गांव के सभी लोग एक-एक कर सभी डालियों को काटकर गिरा देते हैं।

होली के दिन गांव वाले उसी भस्म एक दूसरे को लगाकर होली की शुरूआत करते हैं।

## कॉरपोरेट हॉस्पीटल डॉक्टर के परिजनों को भी ठगने से नहीं आ रहे बाज

**रांची,** । रांची के सदर अस्पताल के तेज तर्रार सर्जन डॉक्टर अजीत के पिताजी के इलाज के नाम पर 15 घंटे के आसपास में ही 50 हजार से ऊपर का बिल बनाने का मामला प्रकाश में आया है।

डॉक्टर अजीत ने बताया कि जब मैं ऑपरेशन में था तो मेरे पिताजी की तबीयत थोड़ी खराब हुई। उन्हें परिजन नजदीक के अस्पताल रामप्यारी सुपर स्पेशलिटी हरिहर सिंह रोड में लेकर गए। जहां उनका इलाज डॉक्टर राजीव रंजन के अंदर में शुरू हुआ। वहां इमरजेंसी में बताया गया कि उनके पास सीएपीएफ कार्ड है, तो टीपीए वाले ने बोला कि यहां पर आपका सरकारी (सीजीएचएस) दर पर इलाज होगा। दो बोतल पानी चढ़ाने के बाद वह पूरे होश में आ गए,तभी मैं भी वहां पहुंच गया। वहां उपचार कर रहे चिकित्सक से बोला कि इनका मेदांता में इलाज कैशलेस हो जाएगा। परंतु डॉक्टर के समझाने पर उन्हें आईसीयू में छोड़ दिया। अगले दिन जब सुबह बिल के बारे में पूछा तो दोपहर में बताया जाएगा, जब दोपहर में पूछा गया तो बताया कि आपका 47 हजार का बिल है, इसमें और अभी जुटेगा।

उन्होंने बताया कि जब सुबह पिताजी को देखने गए तो उनकी बीपी ठीक थी। अनुरोध किया कि उनको छुट्टी दे दी जाए।

## एबी स्विच लगाकर दूर होगी पावर कट की समस्या : महाप्रबंधक

**रांची,**। राज्यो के इंडस्ट्रीयल फीडर में बार-बार पावर कट की समस्या को लेकर बुधवार को चेंबर के एनर्जी उप समिति के अध्य?क्ष एनके पाटोदिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत आपूर्ति के महाप्रबंधक (जीएम) मनमोहन कुमार के साथ वार्ता की।इस मौके पर जीएम ने आश्वस्त किया कि चैंबर की ओर से दी गई सूची पर जहां भी एबी स्विच लगाने की जरूरत होगी, लगाकर पावरकट की समस्या को कम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के लिए फिक्स टाइम निर्धारित करने तथा उसका प्रकाशन समाचार पत्रों में करने के आग्रह पर उन्होंने टीएसई सप्लाई को कार्रवाई के लिए कहा। इसके अलावा रांची में जहां-जहां अंडरग्राउंड केबलिंग हुई है, वहां से ओवरहेड लाइन को हटाने की बात पर जीएम ने कहा कि इसे हटाने से बरसात के दिन में स्टैंड बाय लाइन की समस्या हो सकती है। इसलिए इसे मेंटेन करके रखा जायेगा। वहीं स्मॉर्ट मीटर के फास्ट रीडिंग की बात पर विमर्श के क्रम में यह तय हुआ कि स्मॉर्ट मीटर बहुत सी खूबियां हैं।

**स्मार्ट मीटर की दी जाएगी जानकारी**

महाप्रबंधक ने कहा कि उपभोक्ताओं को स्मॉर्ट मीटर कैसे ऑपरेट करना है, इसकी विधिवत जानकारी मोबाइल एप्प और समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचारित की जायेगी। यह बताया गया कि उपभोक्ता स्वयं ही मीटर की रिडींग लेकर विभाग को भेज सकते हैं

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय, गुमला (पंचायत शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा XVIII गुमला/15 गुमला नगर परिषद् (वर्ग–ख) के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के लिए तैयार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन नगर परिषद कार्यालय, गुमला एवं सभी 22 वार्डों से संबंधित मतदान केन्द्रों में दिनांक 10.03.2025 को कर दिया गया है। इन सभी स्थलों पर दिनांक 10.03.2025 से 20.03.2025 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजे तक मतदाताओं के निरीक्षण हेतु मतदाता सूची का प्रारूप उपलब्ध रहेगा। उक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र–'क' एवं प्रपत्र–'ख' में अपना दावा/आपत्ति लिखकर प्रस्तुत कर सकेगा, साथ ही सर्वसाधारण की जानकारी के लिए नगर परिषद, गुमला के कार्यालय में दिनांक 20.03.2025 तक प्रकाशित रहेगा।

प्रकाशित मतदाता सूची का प्रारूप में अन्तर्विष्ट किसी बात के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे प्रकाशन की तिथि से 10 (दस) दिनों दिनांक 20.03.2025 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रपत्र–'क' एवं प्रपत्र–'ख' में अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप में जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय (नगर परिषद, गुमला) में दे सकेंगे। प्रकाशन अवधि के समाप्ति के उपरांत किसी प्रकार का आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, गुमला

PR 348550 Panchayati Raj(24-25).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या UNTIED/MID/RANCHI- 05/2024-25**

1 निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता, ई०मेल :– कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची, कमरा सं० 302, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची। eemidran-cemr-jhr@nic.in
2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.04.2025 up to 2:00 P. M
3 अंतिम तिथि / ई० निविदा प्राप्त करने की तिथि :– 09.04.2025 up to 5:00 P. M
4 निविदा खुलने की तिथि :–11.04.2025 up to 3:00 P. M

| क्र० सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | National University of Study and Research in Law, Ranchi परिसर में रात्रि काल में सुरक्षा एवं समुचित प्रकाश की व्यवस्था हेतु कुल छः स्थानों पर 12 metre High Mast Light का अधिष्ठापन कार्य। | 2500000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |

नोट : – सिर्फ ई – निविदा ही स्वीकृत की जायेगी।
Bid Document के Initial Bid Security / Earnest Money Deposit (EMD) एवं Tender Fee / Cost of Bidding Document के प्रावधान JAP-IT विभाग के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के प्रावधान के हद तक स्वतः संशोधित समझे जायेगें।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची

PR 348535 Minor Irrigation(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन०आर०ई०पी०, खूँटी**

ई. निविदा अन्तर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण
(Two Envelope System)
(2nd Call)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–NREP/KHUNTI/$F_2$-15/2024-25 दिनांक–11.03.2025

कार्य का नामः–

| क० | योजना का नाम | जिला | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Repair and Renovation of ST School building, additional Hall at 1st Floor,Gym building,Paver Block in school Campus, Construction of Kitchen Shed and misc. work at ST Residential Girls School,Kundi | Khunti | 145.984 | 0.10 | 11 माह |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–17.03.2025 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–24.03.2025 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समयः–24.03.2025 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलन (Technical Bid) की तिथिः–26.03.2025 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,एन०आर०ई० पी०,खूँटी/9199914370/email:-divisionnrep@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट–बढ सकती है । तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

PR.NO.348463 NREP(24-25):D कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी।

## एक-नजर

### शांतिप्रिय एवं नशामुक्त होली मानने को लेकर सदर एसडीओ ने लागू की निषेधाज्ञा

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, हजारीबाग के आदेश ज्ञापांक 45/मु0/सी0, दिनांक 13 मार्च 2025 के संयुक्त आदेशानुसार देश के विभिन्न भागों में घटित साम्प्रदायिक घटना एवं पूर्व के वर्षों में जिले में घटित घटना के आलोक में वर्तमान में साम्प्रदायिक स्थिति को देखते हुए होली-2025 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पूरे हजारीबाग अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। अतएव, सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए हजारीबाग सदर अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू किया है। होली के दिन किसी भी घातक हथियार, अग्नेयास्त्र, लाठी इत्यादि को लेकर चलने पर प्रतिबंध लागू रहेगा।

### बिजली चोरी के मामले में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** बिजली चोरी के मामले में विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कोनरा शादी मुहल्ला निवासी मो. एजाहूर, मो. इस्माइल पिता सोमर मियां, गया रोड निवासी कार्तिक केशरी पिता भोला प्रसाद केशरी, प्रदीप केशरी पिता स्व. लोकनाथ प्रसाद केशरी, विनीता देवी पति गोपाल साव, बरही चौक निवासी योगेंद्र भगत पिता बासुदेव साव को आरोपी बनाया गया है। विभाग ने बिजली चोरी रोकने के लिए सख्ती बरतने का निर्णय लिया है और आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

### डोर टू डोर दी गई कानून की जानकारी

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के तत्वावधान में जिला विधिक प्राधिकरण हजारीबाग के बैनर तले सचिन गौरव खुराना के नेतृत्व में पीएलबी नवीन पांडेय ने डोर टू डोर कानूनी जागरुकता अभियान चलाया। लोगों को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान, सड़क दुर्घटना, साइबर क्राइम आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया। वहीं साइबर शिकायत के लिए 1930 तथा मुक्त कानूनी के बारे में भी बताया गया। पीएलवी ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और महिलाओं से संबंधित कानून की जानकारी कर लिए पत्रिका दी।

### विष्णुगढ़ के नाई सैलून संघ के दुकानदारों ने मनाया होली मिलन समारोह

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के रमुआ स्थित राममंदिर के समीप धर्मशाला में मंगलवार को नाई सैलून संघ के दुकानदारों ने होली मिलन समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगो ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर होली त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान उपस्थित सभी दुकानदारों ने डीजे की धुन पर खूब थिरके, साथ ही व्यंजनों का पूरा लुत्त उठाया। इस अवसर पर नाई सैलून संघ के अध्यक्ष कुंदन शर्मा ने कहा कि होली में जैसे सभी रंग मिलकर एक हो जाते हैं, ठीक उसी तरह सारे मतभेद भुलाकर हम सभी को एक होने का जरूरत है। मौके पर प्रकाश ठाकुर ने कहा होली आपसी मिलन और भाईचारा का संदेश देता है, जैसे बसंत ऋतु में पेड़-पौधे में नई-नई बहार आ जाते हैं, वैसे ही रिश्तो में नई बहार आने का नाम होली का त्यौहार हैं।

वही कार्यक्रम समारोह में उपस्थित उपेंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि हमारी एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत है, हम सभी को एकजुट होकर रहना है। इस दौरान जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि हमारा नाई समाज अंग्रेजो के शासन काल पूर्व से अग्रणी रहा है, उस दौर में नाई लोग चिकित्सक का कार्य करते थे। लेकिन आज हमारा नाई समाज के पिछड़ने का मुख्य कारण हमारी एकजुटता की कमी है, हमे एकजुट होने की जरूरत है, जैसे होली में सभी रंग मिलकर एक हो जाते हैं, ठीक उसी तरह हम सभी को एक होने की जरूरत है। मौके पर कुंदन शर्मा, प्रकाश ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, संतोष शर्मा, सोनू शर्मा, दीपू शर्मा, संजय ठाकुर, मनीष ठाकुर, टिंकू ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, विनोद ठाकुर, विकास ठाकुर,गोपाल ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, हरिओम ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर समेत काफी संख्या में नाई समाज के लोग मौजूद थे।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया गया रंगोत्सव

**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और आचार्य परिवार के बीच रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक त्रिवेणी साहू, अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव नागेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष महेश साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, पदेन सदस्य एवं साहू समाज के मुखिया सुरेश साहू तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कोडरमा जिला सह संघ चालक दयानन्द चौरसिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में भाईचारे एवं सौहार्द्र को बनाए रखने का संदेश दिया।

## होलिका दहन 2025 हिंदू रीति-रिवाज के साथ आज मनाया जाएगा

# 13 मार्च को भद्रा काल रात्रि 10:35 बजे से 11:26 बजे तक रहेगा

अरुण कुमार गुप्ता/उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** होलिका दहन हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे फाल्गुन मास के पूर्णिमा की रात को मनाया जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और होली के उत्सव की पूर्व संध्या पर इसे मनाने की परंपरा है। वर्ष 2025 में, होलिका दहन 13 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन लोग धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पवित्र अग्नि जलाकर पूजा-अर्चना करते हैं।



**होलिका दहन का धार्मिक महत्व**

होलिका दहन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। पौराणिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यप नामक असुर राजा ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति करने से रोकने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन वह असफल रहा। अंततः उसने अपनी बहन होलिका को प्रह्लाद को आग में जलाने का आदेश दिया। होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह अग्नि में नहीं जलेगी, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका स्वयं जलकर राख हो गई। इसी घटना की याद में होलिका दहन किया जाता है।

**होलिका दहन की विधि**

होलिका दहन का शुभ मुहूर्त- पंचांग

### इसलिए होलिका दहन का शुभ समय रात्रि 11:26 बजे के बाद होग

के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को रात्रि 10-35 बजे से प्रारंभ होकर 14 मार्च को सुबह 8-53 बजे तक रहेगी। होलिका दहन प्रदोष काल में किया जाता है, लेकिन इस वर्ष भद्रा काल का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। 13 मार्च को भद्रा काल रात्रि 10-35 बजे से 11:26 बजे तक रहेगा, इसलिए होलिका दहन का शुभ समय रात्रि 11:26 बजे के बाद होग।

**मुहूर्त और सामग्री :** होलिका दहन का शुभ मुहूर्त पंडितों द्वारा निर्धारित किया जाता है। इसके लिए लकड़ियां, उपले, सूखे पत्ते और गोबर के कंडे एकत्र किए जाते हैं। अग्नि प्रज्वलन- होलिका की प्रतिमा बनाकर उसे जलाया जाता है। पूजा के दौरान भगवान विष्णु, प्रह्लाद और होलिका की विशेष पूजा की जाती है।

**परिक्रमा और आशीर्वाद :** लोग होलिका की परिक्रमा करते हैं और उसमें नई फसल की बालियां भूनकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देता है।

## रामनवमी संरक्षण समिति ने किया होली मिलन समारोह

# आपसी सौहार्द के साथ नशामुक्त होली मनाने का संकल्प लें युवा : प्रशांत कुमार प्रधान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी संरक्षण समिति हजारीबाग ने बुधवार को मालवीय मार्ग स्थित बड़ा अखाड़ा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने किया। होली मिलन समारोह के दौरान होली खेले रघुबीरा अवध में, रंग बरसे, जैसे पारंपरिक गीतों पर संरक्षण समिति सदस्यों ने जम कर मस्ती किया साथ ही साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया वहीं पारंपरिक व्यंजन कचरी, बर्रा, धुस्का, पकौड़ी, मालपुआ का लुफ्त उठाया। होली मिलन समारोह के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हजारीबाग सहित देश के लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी




प्रेम का प्रतीक है इसे सौहार्द पूर्वक मनाएं आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग में होली का एक अलग ही उत्साह होता है उसका मुख्य कारण है कि होली के साथ साथ हजारीबाग में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त रामनवमी का आगाज भी होता है, होली और रामनवमी का त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान, महंत विजयानंद दास, राजकुमार यादव, पिंटू सिन्हा, राकेश सिन्हा, संजू सिंह, पिंटू पहलवान , भगत कुमार, पवन गुप्ता, कुशल सिन्हा, धर्मेंद्र शुक्ला, राजेश पहलवान , अमरेश सिंह, अनमोल साव, सूरज प्रकाश, ओम प्रकाश गोप, राजेश गोप, बीरू सिंह , अजय दास, शशांक शेखर, संदीप सौरभ, आशीष कुमार सिन्हा ,बबलू गोप सन्नी सिंह, मोहित प्रधान सहित रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों सदस्यों के साथ साथ पूर्व महासमिति अध्यक्ष सचिव एवं विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव व गणमान्य लोग शामिल रहे।

### पंसस के द्वारा कई विभागों पर सवाल उठाते हुए नाराज़गी व्यक्त की गई



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड सभागार में प्रखंड पंचायत समिति की बैठक प्रमुख फुलवा देवी की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन प्रखंड पंचायत समिति के सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने किया। बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों द्वारा कई विभाग पर कई सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई गई। सदस्यों द्वारा पंचायत में पंचायत समिति सदस्य को भी जन वितरण प्रणाली के दुकान, मनरेगा एवं आवास योजना में जांच एवं निरीक्षण करने का अधिकार देने, प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने, समय पर कई आंगनबाड़ी नहीं खुलने, और कई में सिर्फ पोषाहार खिलाकर किसी तरह का कोई शिक्षा नहीं देते हुए छुट्टी कर देने, राजस्व कर्मचारी को रोस्टर के आधार पर पंचायत सचिवालय में नियमित बैठने, दाखिल खारिज, एलपीसी, भूमि प्रतिवेदन में विलंब होने, कई विभाग द्वारा पंचायत समिति सदस्यों को योजना की जानकारी नहीं देने, बड़कागांव में अवैध रूप से संचालित अस्पताल की सूची उपलब्ध कराने स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी, जन वितरण प्रणाली के दुकान में सभी कार्ड धारी का चना दाल देने का सवाल उठाया गया। तत्पश्चात उपस्थित विभाग के अधिकारियों से योजनाओं का समीक्षात्मक प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई। साथ ही साथ अनियमितता एवं शिथिलता बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध जिला मुख्यालय को रिपोर्ट करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने कहा कि सिर्फ आंकड़ा प्रस्तुत करने से नहीं जमीन पर योजना का क्रियान्वयन एवं सही लाभुकों को लाभ मिलनी चाहिए अन्यथा उनके विरुद्ध भी रिपोर्ट की जाएगी।

## मां भगवती सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ संपन्न, हजारों भक्तों ने लिया आशीर्वाद

### मीना बाजार, झूला और माता के जागरण ने बांधा समां, विशाल भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** धनबाद रोड स्थित मां भगवती सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ आज हवन और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में हजारों भक्तों ने भाग लिया और माता के प्रति अपनी असीम श्रद्धा का प्रदर्शन किया। महायज्ञ के अंतिम दिन सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ हवन की पूर्णाहुति



की गई, जिसमें यज्ञ कमिटी के पदाधिकारी और सदस्यगण के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।इस नौ दिवसीय महायज्ञ में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मीना बाजार में लगे विभिन्न स्टॉलों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की, तो बच्चों ने झूले का आनंद लिया। हर रात आयोजित माता के जागरण में प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर वाणी से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महायज्ञ के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पुड़ी, सब्जी और बुंदिया का वितरण किया गया, जिसे भक्तों ने बड़े प्रेम से ग्रहण किया। मां भगवती सेवा संस्थान के अध्यक्ष विपिन सिन्हा ने कहा कि यह महायज्ञ समाज में शांति, सद्भाव और समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। हमें खुशी है कि यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और हजारों भक्तों ने इसका लाभ उठाया। उन्होंने सभी भक्तों, स्वयंसेवकों और दानदाताओं को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव बलराम केशरी ने कहा, यह आयोजन मां भगवती के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक कार्यों का आयोजन करते रहेंगे।महायज्ञ के समापन पर भक्तों ने मां भगवती की आरती की और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस धार्मिक आयोजन ने बरही के लोगों के बीच एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत किया।

# बड़कागांव विधायक ने सदन में विधानसभा क्षेत्र के कई मुद्दों को एक साथ पटल पर रखा

- निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री बिना ऊपरी भुगतान के नहीं होता हैः रोशन लाल चौधरी
- अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा अड्डाः विधायक



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने कटौती प्रस्ताव के पक्ष में सदन का ध्यान आकृष्ट कराने से पहले झारखण्ड राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को याद करते हुए झारखंड के शहीदों को नमन किया और कहा कि कहा कि मैं राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, परिवहन विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग एवं पथ निर्माण विभाग की कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। साथ ही पार्टी की और से कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलने देने के लिए मैं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को धन्यवाद देता हूं। महोदय प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2025-2026 में राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग का प्रस्तावित बजट करोड़, परिवहन विभाग का प्रस्तावित बजट लाख करोड़, खान एवं भू तत्व विभाग प्रस्तावित बजट करोड़ और पथ निर्माण विभाग प्रस्तावित बजट करोड़ सरकार द्वारा रखा गया है। जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-2025 के राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग का बजट करोड़, परिवहन विभाग का बजट लाख करोड़, खान एवं भू तत्व विभाग बजट करोड़ और पथ निर्माण विभाग बजट करोड़ कम है। कोई नई कार्य इन विभागों के बजट में नहीं दिख रहा है। इन विभागों के बजट को एक झलक देखने से ऐसा लगता है कि नए किरदार आते जा रहे हैं, मगर नाटक पुराना चल रहा है। महोदय राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग राजस्व संग्रह के साथ-साथ भूमि संबंधी समस्याओं का निराकरण एवं भू अर्जन, विस्थापन पुनर्वास, मुआवजा भुगतान जैसे कार्य को करता है। विभाग की राजस्व प्राप्ति की प्रक्रिया पूर्णतः भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा हुआ है। राज्य के राजस्व, निबंधन व भूमि सुधार मंत्री भी मानते है कि अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने के लिए लोगों को कार्यालय के चक्कर लगाने प?ते हैं। इसलिए अब राज्यवासियों को बार कोड की सुविधा मिलेगी, ताकि वे मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद काट सकें। दाखिल खारिज के हजारों मामलों लंबित है। निबंधन कार्यालय में भी रजिस्ट्री बिना ऊपरी भुगतान के नहीं होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि महोदय, अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार इस चरम पर है, एक छोटा सा उदाहरण हमारे विधानसभा क्षेत्र का केरेडारी और बड़कागांव अंचल का ले सकते हैं। दोनों अंचल में 12960 वाद दाखिल खारिज के स्वीकृत किये गए तो दूसरी ओर 11099 अस्वीकृत कर दिया गया।

### दारू प्रखंड में पत्रकारों ने होली मिलन समारोह में बिखेरे रंग, स्वच्छ पत्रकारिता का लिया संकल्प

**दारु ।** दारू प्रखंड में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया, जहां पत्रकारों ने न सिर्फ अबीर-गुलाल से एक-दूसरे को रंगों में सराबोर किया, बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक सुर में कहा, ÷स्वच्छ पत्रकारिता ही हमारा धर्म है÷। इस खुशनुमा मौके पर बसंत नारायण, भैया अखिलेश कुमार , महेश कुमार, राजन सिन्हा, पप्पू ठाकुर, सुनील यादव, रंजीत कुमार, रोशन सिन्हा, अनिल कुमार, ,राहुल सिंह समेत कई गणमान्य पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस मिलन समारोह ने पत्रकारों के बीच समरसता को और मजबूत किया और साथ ही यह संकल्प लिया गया कि निष्पक्ष और सत्यनिष्ठ पत्रकारिता के पथ पर सभी सदैव अग्रसर रहेंगे।होली के रंग, पत्रकारों का संग–स्वच्छ पत्रकारिता के लिए लिया गया अटूट प्रण!

### भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने किया विधुत ट्रांसफार्मर का उद्‌घाटन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारुकुदर में भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने विधुत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। बताया जाता हैं कि सारूकुदर पंचायत के ग्राम मंगरो में एक माह पूर्व से विधुत ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को बिजली नही मिल पा रही थी। इसकी सूचना पाकर भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने हजारीबाग साँसद मनीष जायसवाल को दी, बिजली की समस्या को देखते हुए साँसद ने तत्काल विधुत विभाग के अधिकारियों को आदेश देते हुए तत्काल जनसमस्या को निपटाने के आदेश दिया। जिस पर विधुत विभाग के अधिकारियों ने तत्काल 100 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर सुखदेव रजवार समेत ग्रामीणों को उपलब्ध कराया। साँसद की इस पहल से ग्रामीण काफी खुश दिखे, वहीँ मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने साँसद का दिल से आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से मंडल कोषाध्यक्ष भोला साव, रिंकू साव, लोकन साव, संजय साव,सचिन कुमार, राहुल साव, अशोक कुमार , अजय साव, रामेश्वर महतो, भुनेश्वर साव, हरिलाल साव, सुदामा साव, नंदलाल साव, काली साव, दीपूलाल साव, कामेश्वर साव समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे ।

# आईपीएल 2025 छक्के पर छक्का... आते ही कर दी धुलाई शुरू, कोई गेल कहता है, कोई पोलार्ड समझता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का खेल भले ही अभी शुरू ना हुआ हो, मगर उस खिलाड़ी का खेल दिखने लगा है. उसने गेंदबाजों की धुलाई शुरू कर दी है. बल्ले से छक्के पर छक्का बरसा रहा है और उसे ऐसा करते हुए देख फैंस झूम रहे हैं. हम बात कर रहे 22 साल के रॉबिन मिन्ज की, जिन्हें मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 15.25 करोड़ के खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर चुना है. वैसे, आईपीएल के लिए रॉबिन मिन्ज का नाम नया नहीं है. गुजरात टाइटंस ने 3.20 करोड़ रुपये में इन्हें आईपीएल 2024 के लिए खरीदा था. मगर तब वो सीजन शुरू होने से ठीक पहले बाइक एक्सीडेंट का शिकार हुए और एक भी मुकाबला नहीं खेल सके थे.

15.25 करोड़ के खिलाड़ी का विकल्प हैं मिन्ज!

बाइक एक्सीडेंट का रॉबिन मिन्ज को नुकसान हुआ. एक तो आईपीएल में डेब्यू करने का इंतजार बढ़ गया और दूसरा आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में उन्हें अपनी पिछली रकम से पूरे 2 करोड़ 55 लाख रुपये कम मिले. मुंबई इंडियंस ने उन्हें सिर्फ 65 लाख रुपये में खुद से जोड़ा है. मुंबई इंडियंस रॉबिन को इशान किशन के विकल्प के तौर पर देख रही है, जो इस सीजन में उसका हिस्सा नहीं है. इशान किशन को मुंबई इंडियंस



15,25 करोड़ रुपये देती थी. लेकिन, अब वही काम 65 काम के मिन्ज करते दिख सकते हैं. इशान की तरह मिन्ज भी बाएं हाथ से खेलते हैं और विकेटकीपर बल्लेबाज हैं.

**कोई गेल कहता है, कोई पोलार्ड समझता है :** रॉबिन मिन्ज झारखंड से आते हैं. वो आईपीएल खेलने वाले पहले आदिवासी क्रिकेटर हैं. बाएं हाथ के मिन्ज के खेलने के अंदाज और छक्के लगाने की काबिलियत को लेकर झारखंड में कोई उन्हें गेल कहता है तो कोई पोलार्ड समझता है. मगर ये बात तो अब तभी साबित होगी जब आईपीएल की पिच पर मिन्ज गर्दा उड़ाते दिखेंगे. वैसे, मुंबई इंडियंस के नेट्स से उनका जो वीडियो सामने आया है, उससे उनके दमदख और मिजाज का अच्छा पता चलता है. दिखता है कि वो कितने आक्रामक हैं और उनके शॉट्स में कितनी पावर है. नेट्स पर रॉबिन मिन्ज हर गेंद पर बड़ा शॉट्स लगाने की प्रैक्टिस करते दिख रहे हैं.उन्हें इसमें कामयाबी भी मिल रही है. उम्मीद है कि जैसा नेट्स पर दिख रहा है, मौका मिलने पर मैच में भी ऐसे ही ताबड़तोड़ छक्के उनके बल्ले से बरसते दिखे.

**3 खूबियों से भरे हैं मिन्ज:** रॉबिन मिन्ज विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज तो हैं ही, इसके अलावा वो लेफ्ट आर्म स्पिन भी कराते हैं. मतलब, मुंबई इंडियंस के सामने ऑप्शन खुले होंगे उन्हें मैच में उन्हें यूज करने के . देखना दिलचस्प रहेगा कि जब मौका मिलता है तो आईपीएल के पहले आदिवासी क्रिकेटर के तौर खेलने उतर रहे मिन्ज क्या करते हैं? पोंटिंग ने कहा, 'मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए। वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।


# गौतम गंभीर ने तैयार किया रोडमैप IPL 2025 के दौरान करेंगे यह बड़ा काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी दुबई में तिरंगा लहरा कर आई है. उसने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता है. अब अगले करीब 2 महीने तक टीम इंडिया को कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलना है, क्योंकि 22 मार्च-25 मई तक पूरा भारतवर्ष आईपीएल2025 के रोमांच का आनंद ले रहा होगा. इस बीच खबर सामने आई है कि टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड रवाना होने वाले हैं. बता दें कि जून-जुलाई के महीने में भारत को इंग्लैंड के साथ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. 20 जून को भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले गौतम गंभीर इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करके आएंगे. यह गौर करने वाली बात है कि इंडिया ए टीम के पास कोई कोच नहीं है, ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि गौतम गंभीर केवल एक समीक्षक के रूप में इंडिया ए टीम के साथ जाएंगे या फिर वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच होने का पदभार संभालेंगे. बताते चलें कि लक्ष्मण अभी नेशनल क्रिकेट अकादमी में हेड ऑफ क्रिकेट के पद पर कार्यरत हैं. गंभीर यदि इंग्लैंड जाते हैं तो यह किसी विदेशी दौरे पर पहली बार होगा जब इंडिया ए के साथ सीनियर टीम का कोच मौजूदा रहेगा.

**रोडमैप तैयार कर रहे गौतम गंभीर:** सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस आने के बाद गौतम गंभीर लगातार बीसीसीआई अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं. गंभीर ने खुद इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड जाने की इच्छा जाहिर की है, जिससे उन्हें रिजर्व खिलाड़ियों का भी एक आइडिया मिल सके. इसके अलावा गंभीर ने अभी से अगले 2 साल का रोडमैप तैयार करना शुरू कर दिया है. बता दें कि अगले 2 साल के भीतर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, 2026 टी20 वर्ल्ड कप और 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप भी खेला जाना है.

# स्वितोलिना, एंड्रीवा, स्वीयाटेक इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन की 23वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बारिश का सामना करते हुए 5-7, 6-1, 6-2 से नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व इंडियन वेल्स सेमीफाइनलिस्ट ने अपनी शुरुआती असफलताओं को भुलाकर मैच को अपने पक्ष में मोड़ दिया और अंतिम 15 गेम में से 12 गेम जीतकर अपने 21वें डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जो 2021 के बाद से उनका पहला मैच था। कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में धुंध भरे दिन पर, स्वितोलिना और पेगुला को तीसरे सेट के पहले गेम के बाद बारिश के कारण लंबे समय तक खेल में देरी का सामना करना पड़ा। यह स्वितोलिना ही थी जो बीच में अपनी आंखों में आग लेकर वापस आई। उसने पेगुला को पीछे धकेल दिया और जीत के साथ आगे निकल गई। पेगुला ने इस महीने की शुरुआत में ऑस्टिन खिताब जीतने के बाद इंडियन वेल्स में प्रवेश किया, लेकिन स्वितोलिना शीर्ष पर रही, जिसने अपने करियर की आठ भिड़ंत में पेगुला पर अपनी तीसरी जीत हासिल की। स्वितोलिना, जो 2019 के बाद पहली बार टेनिस पैराडाइज में क्वार्टर फाइनल में है, का सामना मीरा एंड्रीवा से होगा, जिसने तीन सप्ताह में दूसरी बार एलेना रिबाकिना को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

17 वर्षीय रूसी एंड्रीवा का रेगिस्तान में यह सफर दुबई चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के तुरंत बाद शुरू हुआ, जिसने उन्हें 2007 के बाद से शीर्ष 10 में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बना दिया। इससे पहले, इगा स्वीयाटेक ने 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन मुचोवा को 6-1, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पोल ने तीन राउंड में केवल छह गेम गंवाए हैं, जो मोनिका सेलेस के इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के दौरान सबसे कम गेम गंवाने के रिकॉर्ड की बराबरी करता है, जिसमें कम से कम तीन मैच खेले गए हैं। इस प्रक्रिया में, स्वीयाटेक तीन इंडियन वेल्स ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने की अपनी दावेदारी को और मजबूत कर रही हैं, और 1991 में मार्टिना नवरातिलोवा के बाद से यहां खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली महिला बनेंगी। 1989 में इस आयोजन के उद्घाटन के बाद से, मोनिका सेलेस ने इंडियन वेल्स में महिला एकल खिताब के लिए सबसे कम गेम गंवाए हैं, 1992 में (पांच मैचों में) केवल 12 गेम गंवाए थे। अगर किसी खिलाड़ी के पास इस अविश्वसनीय उपलब्धि की बराबरी करने का मौका है, तो वह स्वीयाटेक ही होंगी।

# आईपीएल 2025: जसप्रीत बुमराह- हार्दिक पंड्या के फैन्स को झटका, नहीं खेलेंगे आईपीएल के शुरुआती मैच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की शुरुआत में अब चंद दिन बचे हैं. चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद अब दर्शकों पर आईपीएल का खुमार छाएगा. आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, जिसका ओपनिंग मैच मौजूदा चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होगा. यह उद्घाटन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा. लेकिन शुरुआती मुकाबलों को लेकर कुछ अपडेट हैं. जसप्रीत बुमराह, पंड्या के बाद अब ताजा नाम लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव का शामिल हुआ है. यह वह खिलाड़ी है, जो शुरुआती मुकाबले या शुरुआती हाफ में नहीं खेलेगा. वहीं, पंड्या क्यों बाहर रहेंगे, इसकी वजह आईपीएल 2024 से जुड़ी हुई है. मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे. क्रिकइंफो के अनुसार, मयंक यादव कमर की चोट से उबर रहे हैं. मयंक ने हाल ही में बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी शुरू की है. वह पिछले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत के लिए डेब्यू के बाद इंजर्ड हो गए थे. मयंक के कमबैक के लिए बीसीसीआई ने अभी तक कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन अगर वह अपने बॉलिंग वर्कलोड के साथ फिटनेस मापदंडों को पूरा करते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं.

टूर्नामेंट के पहले हाफ में मयंक की अनुपलब्धता लखनऊ के लिए झटका है, जिसने उन्हें मेगा नीलामी से पहले 11 करोड़ रुपये (लगभग 1.31 मिलियन डॉलर) में रिटेन किया था. जबकि 2024 सीजन से पहले उन्हें एक अनकैप्ड गेंदबाज के रूप में 20 लाख रुपये में खरीदा गया था. मयंक को इतनी ज्यादा कीमत उनकी गेंदबाजी के कारण मिली, उन्होंने आईपलएल 2024 में लगातार 150 किमी प्रति घंटे की स्पीड से गेंदें फेंकी थीं. इसी वजह से उनको आईपीएल में अपने पहले दो मैचों में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला था. उनकी प्रतिभा को देखकर नेशनल सेलेक्टर्स ने मयंक को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया था. मयंक का आईपीएल 2024 में सफर केवल 4 मैचों तक था, रिहैब के दौरान, मयंक को एक अलग चोट लग गई, जिससे उनकी वापसी में देरी हुई, लेकिन उन्होंने अंततः बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मुकाबला खेला और डेब्यू किया. मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में) अच्छी पारी खेली थी। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है।

# संन्यास लेने से पहले रोहित की नजर वनडे विश्व कप खिताब पर होगी: रिकी पोंटिंग



**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है।

# विराट कोहली हैं कारण 14 वर्षीय लड़की की मौत चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद भारत में पसरा मातम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते रविवार, 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल खेला गया था, जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर इतिहास रचा था. वह मुकाबला दुबई में खेला गया, लेकिन उसका असर भारत के उत्तर प्रदेश में देखने को मिला है. यह मामला उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले का है, जहां विराट कोहली के आउट होने से एक लड़की को ऐसा सदमा लगा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई. चश्मदीद गवाहों के अनुसार जब विराट फाइनल में मात्र एक रन बनाकर आउट हुए, तो 14 वर्षीय प्रियांशी बेहोश हो गई थी.

विराट कोहली के आउट होने का गहरा सदमा एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रियांशी अपने परिवार के साथ भारत-न्यूजीलैंड फाइनल मैच देख रही थी. प्रियांशी के पिता का नाम अजय पांडे है और वे सभी टीम इंडिया के समर्थन में बहुत उत्साह से भरे हुए थे. जब विराट कोहली फाइनल में 1 रन बनाकर आउट हुए तो प्रियांशी पहले बेहोश हो गई और फिर हार्ट अटैक आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. डॉक्टरों ने पुष्टि कर बताया कि प्रियांशी की मौत का कारण हार्ट अटैक ही था.

प्रियांशी के पिता अजय पांडे पहली पारी के समाप्त होने के बाद बाजार चले गए थे. जब दूसरी पारी शुरू हुई तो प्रियांशी और परिवार के अन्य सदस्य मैच का लुत्फ उठाने लगे. जैसे ही फोन के माध्यम से अजय पांडे को प्रियांशी के बेहोश होने की खबर पता चली, वो तेजी से घर आए और बेटी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया. 14 साल की प्रियांशी को अस्पताल पहुंचने के बाद मृत घोषित कर दिया गया. अजय पांडे ने अपनी बेटी का पोस्ट-मार्टम नहीं करवाया. घर वापसी के बाद प्रियांशी का दाह संस्कार किया



गया.

**मौत से क्रिकेट का कनेक्शन:** प्रियांशी के पिता अजय पांडे का मानना है कि उनकी बेटी की मौत क्रिकेट मैच के कारण नहीं हुई है. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि क्रिकेट और उनकी बेटी की अचानक मौत का कोई कनेक्शन नहीं है. वहीं उनके एक पडोसी अमित चंद्रा ने बताया कि जब प्रियांशी को हार्ट अटैक आया, तब भारतीय टीम किसी भी दृष्टि से खराब नहीं खेल रही थी और ना ही कोई विकेट गंवाया था. चंद्रा ने यह तक कहा कि प्रियांशी की तबीयत बिगड़ने के समय विराट कोहली बैटिंग करने आए ही नहीं थे.

# शेन बॉन्ड की जसप्रीत बुमराह को चेतावनी यह करियर खत्म करने वाला हो सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पूर्व गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सर्जरी जिस जगह हुई थी, उसी जगह पर एक और चोट लगने से उनका करियर खत्म हो सकता है और उन्होंने कहा कि भविष्य में वह उन्हें एक बार में दो से ज़्यादा टेस्ट मैच खेलते हुए नहीं देखना चाहेंगे।

बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से वह रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के लिए मशहूर अभियान से बाहर हो गए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा राष्ट्रीय खजाना कहे जाने वाले इस गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत के लिए अकेले संघर्ष किया, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 32 विकेट लिए, इससे पहले इस साल जनवरी में सिडनी में अंतिम टेस्ट मैच में वह तनाव से संबंधित चोट से पीड़ित हो गए थे। उन्होंने तब से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और भारत के विजयी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को भी मिस किया है। बुमराह बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब पूरा कर रहे हैं और 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मुंबई इंडियंस के लिए उनकी उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है। बुमराह को पहली बार पीठ में चोट नहीं लगी है, क्योंकि मार्च 2023 में उनकी इसके लिए सर्जरी हुई थी। शेन बॉन्ड ने पहले स्ङ्घ के साथ गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था और वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह के कार्यभार को एक और चोट से बचने के लिए सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता है। बुमराह के बारे में





बात करते हुए उन्होंने कहा, जब वह स्कैन के लिए सिडनी गए थे, तो कुछ संदेश आ रहे थे कि उन्हें मोच और इस तरह की अन्य चीजें हैं। मुझे चिंता थी कि यह मोच नहीं होगी, यह उस क्षेत्र (पीठ) के आसपास की हड्डी की चोट हो सकती है। मुझे लगा कि अगर ऐसा था तो वह चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। बॉन्ड ने इस बात पर प्रकाश डाला कि टी20 से टेस्ट क्रिकेट में तेजी से बदलाव में खतरे का क्षेत्र है। पूर्व तेज गेंदबाज ने इसे एक चुनौती के रूप में उजागर किया क्योंकि भारत 25 मई को आईपीएल समाप्त होने के बमुश्किल एक महीने बाद पांच टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड दौरे की तैयारी कर रहा है। बॉन्ड ने कहा, देखिए, मुझे लगता है कि बूम ठीक हो जाएंगे, लेकिन यह सिर्फ (कार्यभार) प्रबंधन (मायने रखता है)। दौरों और आगे के कार्यक्रम को देखते हुए उन्हें आराम देने के अवसर कहां हैं, लेकिन वास्तव में खतरे की अवधि कहां है? और अक्सर ऐसा होता है कि आईपीएल से टेस्ट चैंपियनशिप में बदलाव एक जोखिम होगा। उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा, आप जहां भी जाते हैं, खासकर टी20 से टेस्ट मैच में, यह चुनौतीपूर्ण होता है। अगर आप एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं, तो यह आम तौर पर बहुत बुरा नहीं होता है। आप सप्ताह में तीन मैच खेलेंगे, आपको अभ्यास करना होगा, आप लगभग 40 ओवर (रेंज) में होंगे, यह वैसे भी टेस्ट मैच के सप्ताह के काफी करीब है। लेकिन टी20 में खासकर आईपीएल में जब आप सप्ताह में तीन मैच खेल रहे होते हैं, तो दो दिन की यात्रा होती है, आपको एक प्रशिक्षण सत्र मिल सकता है, अगर आप भाग्यशाली हैं तो आप 20 ओवर गेंदबाजी कर सकते हैं। यह टेस्ट मैच के आधे या आधे से भी कम लोड के बराबर है, जो तब एक बड़ी छलांग है और आप लगातार दो दिन गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। जब आप इससे बाहर निकलते हैं तो यह एक बड़ी छलांग है।

# होली पर क्या है बड़कुल्ला पूजा का महत्व? महिलाएं रखती हैं खास व्रत

## झुमरी तिलैया के अडडी बंगला होलिका दहन स्थल पर इको फ्रेंडली कार्यक्रम का होगा आयोजन

**गौशाला समिति व मयूम का प्रेरणा शाखा उपलब्ध करा रही है गौ कास्ट एवं बड़कुल्ला**



**झुमरी तिलैया :** रंगों का त्योहार होली हर किसी के लिए खास है. झुमरी तिलैया में होली पर्व को लेकर मारवाड़ी समाज की महिलाएं खास परंपरा निभाते हुए विधि विधान से पूजा पाठ करती हैं और समाज की सुख-समृद्धि के लिए कामना करती हैं. मारवाड़ी महिलाएं भी सदियों से एक खास परंपरा निभा रही हैं। इस परंपरा और विधि-विधान वाली पूजा को महिलाओं ने बड़कुल्ला नाम दिया है। होलिका दहन स्थल पर होलिका पूजा के साथ ढाल के स्थापित कर परिक्रमा कर होली पर्व पर इसकी पूजा की जाती है। दिनभर व्रत रहने के बाद शाम को फिर इसकी पूजा कर महिलाओं द्वारा व्रत तोड़ा जाता है। 13 मार्च को स्टेशन रोड स्थित अलका चौक के पास इको फ्रेंडली होलिका दहन के लिए कोडरमा गौशाला समिति एवं मारवाडी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के द्वारा गौशाला में निर्मित बडकुल्ले एवं गौकास्ट उपलब्ध करा रही है। ताकि लकडी का प्रयोग के जगह लोग गौ कास्ट का प्रयोग करें। इसके लिए गौशाला समिति या प्रेरणा शाखा के पदाधिकारी व सदस्यों से शहर और जिला के कोई संस्था होलिका दहन के लिए गौकास्ट मंगा सकती है।

**बड़कुल्ला पूजा का महत्व**

मयूमा के प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लडढा ने बताया कि इस पूजा का महत्व बुराई पर अच्छाई की जीत है। होली के एक सप्ताह पहले हम सब बडकुल्ले बनवाते हैं, जो गोबर से तैयार होते हैं।एकादशी को हम खेल खिलौने बनाते हैं। होली माता की मूर्ति बनाते हैं।होली वाले दिन माला बनाकर हम सब फिर परिक्रमा करते हैं,नए-नए पकवान तैयार करते हैं दिनभर व्रत रहने के बाद शाम को पूजा पाठ के बाद इस व्रत का परायण करते हैं। इसे हम सबने बड़कुल्ला नाम दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे अंदर जो बुराइयां हैं, वह खत्म हो सकें।इसके लिए मारवाड़ी समाज के लोग इस परंपरा को वर्षों से निभा रहे हैं।

श्रेया केडिया, कृतिका मोदी, काजल गुप्ता, शीतल पोददार ने बताया यह पूजा हम अमावस्या के समय से ही करते हैं और बेटे की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखने की परंपरा निभाते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार होलिका मां ने प्रहलाद की रक्षा की थी। हम भी मां से अपने बेटे की रक्षा और दीघार्यु की कामना के लिए यह पूजा-पाठ करते हैं। हम सब व्रत रखते हैं और यह लगभग 15 दिनों तक यह पूजा-पाठ चलता है।

### होली को लेकर लोगों की तैयारी शुरू, बाजार में भी सजने लगी हैं दुकानें

झुमरी तिलैया: पूरे अभ्रकनगरी में रंग गुलाल का त्योहार होली को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। शहर से लेकर गांव देहात के बाजारों व चौक चौराहे पर रंग, अबीर व पिचकारी की दुकानें सजने की तैयारी में है। साथ हीं किराना दुकनदारों ने भी रंग,अबीर के अलग-अलग रेंज मंगा कर उसकी बिक्री शुरू कर दी। वहीं खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। होली पर्व का लोगों में उत्साह बढ़ता हीं जा रहा है। जिसको लेकर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली के गीत बजने लगे हैं। वहीं युवा होली गीत की मस्ती में अभी से झूमने लगे हैं। गीतों में हिंदी फिल्मी गीत के साथ-साथ भोजपुरी लोक गीतों ने भी होली का एहसास कराना शुरू कर दिया है। वहीं सड़क पर गुजर रहे राहगीर भी इसका खूब आनंद उठा रहे हैं। इन दिनों शादी -ब्याह के लग्न समय भी चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम हाई स्कुल में वर्ग 6 और 9 के लिए प्रवेश पत्र देने की प्रक्रिया हुई शुरू परीक्षा 24 मार्च को

**उज्ज्वल दुनिया सं**

**झुमरी तिलैया -** जिले के 3 मुख्यमंत्री सीएम हाई स्कुलों में वर्ग 6 और 9 की परीक्षा 24 मार्च को आयोजित की जायेगी। इसको लेकर सोमवार से प्रवेश पत्र देने का कार्य शुरू हुआ। झुमरी तिलैया के सीडी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में 355 छात्राओं ने फार्म भरा। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि इसमें 280 छात्राओं का चयन होगा।

वहीं चंद्रवती स्मारक मुख्यमंत्री उत्कृट उच्च विद्यालय के प्राचार्य बिनोद मिश्रा ने बताया कि 451 फार्म भरे गये जिसमें 240 छात्रों का चयन होगा। इसमें 213 छात्राओं न 238 छात्रों ने फार्म भरा। वहीं जयनगर स्थित कस्तुरबा विद्यालय में भी 25 छात्राओं का वर्ग 6 में नामांकन हुआ। वार्डन सह शिक्षक सुनीता कुमारी ने बताया कि 96 छात्राओं ने फार्म भरा। जिसमें परीक्षा के उपरांत 25 छात्राओं का चयन होगा। इसके अलावा 50 छात्राओं का चयन जिला स्तर पर कमिटि के द्वारा होगा। यहॉ कुल 75 छात्राओं का नामांकन की प्रक्रिया होती है।

## कैलाश राय विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के आयोजन पर उन्होंने बताया की होली रंगों का पर्व है और यह भाईचारे का भी पर्व है। इसमें विद्यालय के सभी आचार्य एवं समिति के सदस्य साथ ही समाज के लोगों की भी सहभागिता रही। विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र होता है अतः विद्यालय की सहभागिता यह बतलाती है की विद्यालय समाज का है और समाज विद्यालय का है। इस कार्यक्रम में लोगों ने होली का गायन किया और सबों ने इसका आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह उपाध्यक्ष नंद राय एवं कोषाध्यक्ष नवल कुमार सदस्य मुंशी यादव के साथ समाज के कई लोग उपस्थित रहे। अंत में होली की शुभकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शांति भवन में हुआ होली मिलन समारोह



**उज्ज्वल दुनिया सं**

**झुमरी तिलैया :** शहर के विद्यापुरी रोड स्थित शांति भवन मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे गिरिडीह से पधारी उर्मिला दीदी ने अपने भजनों और उपदेशों से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। गुरु जी की अपार महिमा का गुणगान करते हुए उन्होंने उपस्थित गुरु भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान दिया। जब उन्होंने होली के भजन गाए, तो पूरा भवन भक्ति और आनंद में झूम उठा।

कार्यक्रम का आयोजन गुरु कृपा शांति भवन की सभी महिलाओं द्वारा किया गया। फूलों की होली खेली गई, जिससे पूरा भवन रंग-बिरंगे फूलों से महक उठा। राम नाम के हीरे मोती और अन्य भक्तिमय गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।भजन गाने वालों में सुनिली अठघरा ,दीपा गुप्ता, पूनम सेठ, नीलम देवी, अनुराधा देवी, रेखा जायसवाल सहित अन्य भजन गायिकाओं ने अपनी मधुर आवाज से सबको भक्ति में सराबोर कर दिया।

भजन और होली उत्सव के बाद सभी को उर्मिला दीदी के हाथों से प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर सुनीली अठघरा,द्रौपदी देवी, लक्ष्मी सिंघानिया, कवीता आर्य, प्रेमलता देवी, प्रतिमा बरनवाल, रेनू तरवे , अनीता एकघरा , सविता भारद्वाज, गायत्री देवी, बबीता अग्रवाल, रामादेवी, सरिता विजय,कलावती देवी, प्रेमलता देवी सहित भवन की सभी महिलाएं उपस्थित थीं।

## सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय में मनाया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

**उज्ज्वल दुनिया सं**



कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत में संचालित सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय के विद्यालय प्रांगण में बुधवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया साथ ही स्कूली बच्चे विद्यालय प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते दिखें व शिक्षकगण ने एक दूसरे को गुलाल व गले लगाकर होली की ढेरों शुभकामनाएं दी।समारोह में उपस्थित विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री, प्राचार्य रामकृष्ण मेहता शिक्षक सुबोध कुमार विश्वकर्मा,रतन कुमार,अरुण कुमार, शिक्षिका ममता कुमारी ने विद्यालय परिवार को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए ₹हैप्पी होली सेफ होली₹ की बात कहते हुए सभी से सौहार्दपूर्ण होली खेलने की कामना की निदेशक सुखदेव हजाम ने संबोधित करते हुए कहा होली एक लोकप्रिय प्राचीन हिंदू त्योहार है,जिसे रंगों का त्योहार या वसंत का त्योहार के रूप में भी जाना जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है,क्योंकि यह हिरण्यकश्यप पर विष्णु की नरसिंह नारायण के रूप में जीत का जश्न मनाते है.होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं।विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री ने भी सबों को गुलाल व गले लगकर अपने संबोधन में कहा प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म,संप्रदाय,जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। प्राचार्य रामकृष्ण मेहता ने भी कहा फागुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली मिलन समारोह में विद्यालय परिवार पुआ पकवान का भी आनंद लिया संगीत के धुन पर बच्चे बच्चियां खूब नाचते झूमते नजर आए.होली के साथ अनेक कथाएं जुड़ीं हैं.कैसियो मास्टर नंदलाल शर्मा, ढोलकिया मास्टर आशीष मिस्त्री ने लोगों को खूब झुमाया नचाया. मौके पर विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नगर प्रशासक ने पटाखा दुकानों का किया औचक निरीक्षण दिए कई निर्देश



**उज्ज्वल दुनिया सं**

**झुमरीतिलैया :** बुधवार को कोडरमा उपायुक्त के निर्देश पर झुमरीतिलैया नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता ने पटाखे दुकान का औचक निरीक्षण किया।

उनके लाईसेंस की जांच की और जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बिना लाइसेंस का कोई भी पटाखा न बेचे अन्यथा पकड़े जाने पर कार्यवाही की जाएगी और बाजार में पटाखों की बिक्री कोई दुकानदार न करें। पटाखों को आबादी के बाहर खुले स्थान पर ही बेचें।

अग्निशमन यंत्रों के साथ-साथ बालू भरी बाल्टियां और उचित वेंटिलेशन के साथ साथ पानी भी रखें। जांच में नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ,नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा,कर प्रभारी महादेव यादव ,विमल कुमार शर्मा व गृह रक्षक के जवान शामिल थे।

## मायुमं प्रेरणा शाखा ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई होली

**उज्ज्वल दुनिया सं**



**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की पदाधिकारीगणो एवं सदस्यों ने झुमरी तिलैया के एड्डी बांग्ला रोड स्थित वृद्धाश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्धजनों के साथ होली मना कर उनके उत्साह को दुगना कर दिया।

शाखा की पदाधिकारी और सदस्यों ने बुजुर्ग महिला और पुरुषों के साथ होली मनाई। उन्होंने न सिर्फ उनका हाल-चाल जाना बल्कि उनके बीच कुछ समय बिताया। बुजुर्ग अपने बच्चे तुल्य प्रेरणा शाखा की सदस्यों को पाकर काफी खुश और आनंद का अनुभव कर रहे थे। बुजुर्ग सावित्री सेन, अमित कुंडू ,तापस कुंडू, दिलीप सिंह, हेमंती देवी, मालती देवी, धर्मशिला देवी ,इंद्रजीत कौर आदि ने कहा कि किसी भी पर्व पर सभी आनंदित और खुश रहे यही हम सब कामना करते हैं। शाखा अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि अपने परिवार से दूर वृद्धाश्रम में जीवन यापन कर रहे बुजुर्गों के बीच होली का त्यौहार मनाने का उद्देश्य क्या है कि होली जेसे त्यौहार में युवाओं एवं बच्चों में ही नहीं बुजुर्गों में भी उत्साह देखने लायक होता है और इसी उद्देश्य को लेकर बुजुर्गों के साथ फूलों की होली खेली गई। साथ ही साथ उन्हें ठंडाई और पकवान खिलाकर उत्साह को पूरा कर दिया गया। उनके पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया गया तथा होली की शुभकामनाएं दी गई। उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया ने कहा कि हमारी शाखा द्वारा समय-समय पर आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों का ख्याल रखते हुए त्यौहार के अवसर पर खुशियां बढ़ाते हैं, और मायूमं प्रेरणा शाखा का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ-साथ कुछ समय की खुशियां बांटना और बुजुर्गों की सेवा कर पुण्य का काम होता है। मौके पर ज्योति अग्रवाल, रिचाभोजानवाला, प्रीति पच्चीसया, दीपा गुप्ता, श्वेता गुटगुटिया, सुनीता गुटगुटिया, नेहा जैन के अलावा वृद्धाश्रम की वार्डन मीणा देवी ,रीता देवी ,नीतू कुमारी आदि उपस्थित थे।

## बाल मेला सम्पन्न,मील का पथर साबित हुआ आरजेएसएस का कार्य




**संस्थान कोठियार के विकास में निभा रहा महत्व पूर्ण योगदान : बीरेंद्र**

राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के तत्वधान में कोठियार पंचायत परिसर में बाल कलाकारों ने जमकर किया प्रदर्शन। मेला का उद्घाटन द्वीप जलाकर किया गया उद्घाटन और अतिथिगण को बुके देकर सम्मानित किया । मेला का उद्देश है बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना शिक्षा के प्रति लगाव और ठहराव बढ़ाना। बच्चों में बाल मजदूरी ,बाल विवाह, बाल शोषण जैसे सामाजिक कुरीतियां के प्रति जागरुकता लाना और ऐसे कुरीतियों के खिलाफ संगठित होकर और समाप्त करने का प्रयास किया जाना । मेला में 8 क्ले मॉडलिंग, साइंस प्रदर्शनी, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, पानी संग्रहण, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल मंच के बच्चों का प्रस्तुति बहुत उम्दा व सराहनीय रहा । कार्यक्रम का संचालन वरीय कार्यक्रम प्रभारी निर्भय कुल ने किया । स्टॉल निरीक्षण सदस्य जोसफिन एक्का के साथ अतिथिगण ने किया । अतिथियों के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को चयनित किया गया। सभी बच्चों को शील्ड और मेडल से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सह जिप सदस्य प्रतिनिधि धनंजय यादव विशिष्ट अतिथि बिरेंद्र कुमार राय मुखिया कोठियार पंचायत, उपेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया कांति देवी, दुर्गा राय, संस्थान के सचिव मनोज दांगी कार्यक्रम को संबोधित किया उपस्थित। निर्णायक मंडली में रविंद्र कुमार मंडल, अविनाश कुमार एवं बबीता कुमारी रहे। संगीत में प्रथम सोनाली कुमारी,द्वितीय निर्जला कुमारी एवं तृतीय स्वीटी कुमारी नृत्य में प्रथम बालमंच नंदूदीह द्वितीय हदहदवा एवं तृतीय कर्मा टांड़ साइंस मॉडल में प्रथम सोनाक्षी द्वितीय नंदिनी कुमारी एवं तृतीय अमित कुमार क्ले मॉडलिंग में प्रथम नीरज कुमार द्वितीय सोनाली कुमारी एवं तृतीय नितेश कुमार नुक्कड़ नाटक में प्रथम बाल मंच जमटोटो द्वितीय रजघटी एवं तृतीय करचैता स्थान प्राप्त किया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में 9वीं और 11वीं कक्षा के परिणाम घोषित, हुआ ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन

**उज्ज्वल दुनिया सं**



सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरी तिलैया ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। विद्यालय में कक्षा 9वीं और 11वीं के परिणामों की घोषणा के साथ-साथ ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 9वीं में राजवीर मोदी, पीयूष राज, आयुष कुमार, मानसी ऐश्वर्यंम और सौरभ रंजन ने शीर्ष 5 स्थान प्राप्त किए। वहीं कक्षा 11वीं में खुशी कुमारी शर्मा, अफरीन प्रवीन, सुमित कुमार, शिवानी कुमारी और मिस्टी राज ने शीर्ष स्थान हासिल किया। इन मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने सम्मानित किया। विद्यालय में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उन्हें उनके अगले शैक्षणिक सफर के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

इस अवसर पर, सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे विद्यार्थियों के लिए गर्व और नई प्रेरणा का दिन है। 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ग्रेजुएशन समारोह के माध्यम से हम अपने छात्रों को अगली कक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ देते हैं और आशा करते हैं कि वे आने वाले वर्षों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहेंगे। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर क्लास टीचर मनोज पांडेय, अभिलाषा सिंह, सतीश कुमार, परीक्षा इंचार्ज सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, दीपक सर्राफ, एमडी शाहिद आलम सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## संपादकीय

# नवोन्मेष का आवाहन

शिशिर के बाद फागुन और चैत आते के साथ वसंत ऋतु की दस्तक होती है। वसंत में प्रकृति अपने सौंदर्य का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र रहती है। उसके अपने दूत बने पक्षी गाकर, वृक्ष और पादप नए पुष्प और पल्लव के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस व्यग्रता का डंका बजाते चलते हैं। फागुन की मदमाती बयार किसी के भी चित्त को उन्मथित किए बग़ैर नहीं छोड़ती यह सब एक क्रम में कालचक्र की निश्चित गति में आयोजित होता है। प्रकृति नया परिधान धारण करती है। खेतों और बाग-बगीचों में रंगों से अद्भुत चित्रकारी चलती रहती है। पीली सरसों, तीसी के नीले फूल, आम की मंजरी, कोयल की मधुर कूक के बीच प्रकृति एक रमणीय सुंदर चित्र की तरह सज उठती है। बिना किसी व्यतिक्रम के एक संगति में ये विविधता भरा बदलाव एक नया, अनोखा, आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है। नया रमणीय होता है इसलिए मानव चित्त को बड़ा प्रिय लगता है। नए अनुभव के लिए मन में उत्सुकता और उल्लास भरा होता है। अनजाने का आकर्षण अतिरिक्त उत्साह भरता है। वसंत में ऋतु-परिवर्तन का यह रूप सबको बदलने के लिए विवश करता है। इस आलोड़न के चलते लोग वह नहीं रह जाते जो होते हैं। चित्त के परिष्कार से व्यक्ति कुछ का कुछ बन जाता है। जुड़ने और आत्म-विस्तार से ही मनुष्य होने का अर्थ सिद्ध होता क्योंकि एक अकेला व्यक्ति अधूरा ही रहेगा। दूसरों के बीच और दूसरों से जड़ कर ही हमें अस्तित्व की प्रतीति हो पाती है। पारस्परिकता में ही जीवन की अर्थवत्ता समाई रहती है। यह पारस्परिकता भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता के रूप में अभिव्यक्त होती है जो ऊर्जावान बनाती है। जब कालिदास ने उत्सवप्रिया॰ मानवा॰ कह कर उत्सवधर्मिता को मनुष्यता का लक्षण घोषित किया था तो उनके ध्यान में होली जैसे मदनोत्सव ही रहे होंगे जिनमें लोग अपनी भिन्नता से ऊपर उठ कर साझे की अस्मिता रचते हैं। अहंकार की सीमाओं को तोड़ एक अतिक्रामी पहचान बानाने का यह उत्सव ज़िंदगी में नीरसता के विरुद्ध रस की ललकार है। ऊपरी भेदों को रंगों में डुबो कर सब को अपने जैसा बनाने और देखने का उद्योग आपसी सौहार्द की भावना को भी जगाता है। यह दुखद है कि आज अस्मिताओं की घोर लड़ाई चल रही है। बड़ी अस्मिता को अंगीकार करना निकटता, साझेदारी और सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। आज की आधुनिक जीवन-शैली में हम अपने अनोखेपन और दूसरों से अलग पहचान पर बड़ा ज़ोर है। सबकी चाह है कि वस्त्र, भोजन और आभूषण सबकुछ 'कस्टमाइज्ड' और 'डिज़ाइनर' होना चाहिए। अलग लगने और दिखने की अदम्य चाहत से फ़िज़ूलखर्ची, ऊब और थकान भी बढ़ रही है। सबसे अलग होने के क्रम में फ़ैशन की दुनिया में नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं जिसके चलते व्यर्थता का अहसास भी बढ़ता जा रहा है। परंतु सत्य यही है कि जन्म के समय मनुष्य के रूप में जैविक शारीरिक आकार प्रकार में व्यापक समानताएँ होती हैं। फिर समाज में रहते हुए हम अलग नाम, काम और धाम के बीच अपनी मौलिक समानताओं से दूरी बढ़ाते जाते हैं। पर सत्य तो यही है कि हम सिर्फ़ एक-दूसरे से भिन्न ही नहीं हैं हम सबमें व्यापक समानताएँ भी हैं। भिन्नताओं के बीच समानताएँ भी गौरतलब होती हैं क्योंकि उसी की बदौलत संवाद, सहयोग और सहकार संभव होता है। इसलिए समानताओं की पहचान खोजना और अनुभव करना भी बेहद ज़रूरी है। मानव निर्मित संकुचित अस्मिताओं के चलते तनाव, अत्याचार हिंसा और युद्ध ही बढ़ता है। उत्तरदायित्व की जगह लोभ और स्वार्थ के वशीभूत हो कर अत्याचार और अनाचार जीवन को प्रदूषित कर रहे हैं। आज की बिडंबना यही है कि हम अपने अस्तित्व को सबसे अलग-थलग हो कर सिर्फ़ वैयक्तिकता और निजता को समृद्ध और पुष्ट करने की दिशा में गतिशील हो रहे हैं। इसके चलते अकेलेपन के साथ दूसरों के साथ टकराव भी अवश्यंभावी हो जाता है। बंधुत्व और उदारता के साथ सबको जीने का अवसर देकर ही हम सच्चे अर्थों में मनुष्य हो सकेंगे। छोटी अस्मिताओं से ऊपर उठ कर देश, समाज और मनुष्यता के स्तर पर अपनी साझी अस्मिता की वास्तविकता महसूस करते हुए ही मानव कल्याण संभव है। होली की पिछली रात को होलिका दहन में स्वार्थ का दहन कर ही हम होली के वास्तविक आनंद की पात्रता अर्जित करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष:** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी।

**वृष:** विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**सिंह :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

**कन्या :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**तुला:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभ समाचारों मिलेगें।

**धनु:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें।

**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कुंभ :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**मीन :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा।

## आइए खेलते हैं, हंसी-ठिठोली की होली

# प्रेम की पिचकारी से



डॉ. श्रीगोपाल नारसन

इस वर्ष चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि का आरंभ 14 मार्च को दिन में 12 बजकर 25 मिनट के बाद हो रहा है। इससे पहले तक फाल्गुन पूर्णिमा तिथि रहेगी। ऐसे में 14 मार्च को दिन में प्रतिपदा तिथि लग जाने से रंगोत्सव 14 मार्च को ही मनाया जा रहा है। जबकि होलिका दहन 13 मार्च को किया जा रहा है। होलिका दहन के दिन भद्रा का साया सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू हो जाएगा और इसका समापन रात 11 बजकर 26 मिनट तक होगा, इसी के बाद होलिका दहन किया जाएगा। इस दिन भद्रा का साया करीब 13 घंटे का रहेगा।

होलिका के लिए एक पेड़ की टहनी को भूमि में स्थापित किया जाता है और उसे चारों ओर से लकड़ियों, कंडों व उपलों से ढक दिया जाता है। शुभ मुहूर्त में इस संरचना में अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है। इसमें छेद वाले गोबर के उपले, गेहूं की नई बालियां और उबटन अर्पित किए जाते हैं। ऐसा विश्वास किया जाता है कि यह अग्नि व्यक्ति को पूरे वर्ष स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है और नकारात्मक शक्तियों को नष्ट कर देती है। होलिका दहन के बाद राख को घर लाकर तिलक लगाने की भी परंपरा है। इस दुनिया मे जो भी सुख- दुःख है वह हम सबके अपने-अपने कर्मों के कारण है। इस दुनियादारी के दुःखों के बीच ही हम थो? समय के लिए होली जैसे पर्वों के माध्यम से सुख खोजते है। क्षणिक सुख की यही घ?ी हमें होली पर मदहोश कर देती है और हम विनोद भाव से हंसी-ठिठोली कर होली का रसास्वादन प्राप्त करते हैं।

सत्य यही है कि सारा संसार आज दुःखो की होली खेल रहा है। सभी एक-दूसरे पर पांचों विकारों व उनके वंशों के बदरंगों की बौछार कर रहे हैं । किसी पर काम का रंग च?ा है तो किसी पर क्रोध का रंग, कोई लोभ में मदहोश है तो कोई मोह के रंग से रंगा हुआ है। स्वार्थ, इर्ष्या, द्वेष, घृणा, अमानवीयता, आपराधिक आकर्षण और बेवजह की आवश्यकता के सूक्ष्म बदरंगों से तो कोई बचा ही नहीं है। इन सबके मूल में है देह अभिमान का रंग, जिसके कारण आज हम सबकी आत्मा भी बदरंग हो गयी है। जबकि आत्मा का वास्तविक गुण रूपी रंग ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति व आनंद का है ,जो कहीं छिप-सा गया है और उसके ऊपर विकारों का कीच? आ जाने से सब उल्टा-पुल्टा हो गया है। हम सभी को विकारों के रंग के बजाए आत्मिक रंगों से रंगकर सारे विश्व को आत्ममय बनाना चाहिए। यह आत्मिक रंग एक परमात्मा के सत्संग द्वारा प्राप्त होता है। शिव परमात्मा ही नयी दुनिया के स्थापनार्थ कल्प कल्प संगमयुग में अवतरित होकर अपने आत्मा रूपी बच्चों को अपने संग के रंग से रंगकर आप समान पवित्र बना देते हैं। इसे ही सच्ची होली मनाना भी कहते हैं। होली मनाने के लिए पहले अपवित्रता व बुराईयों को भस्म करना होगा। विकार भाव भूलकर पतित से पावन बनकर हमें आपस में भाई-भाई की वृत्ति रखनी होगी तभी हम अविनाशी रंग का अनुभव कर सकेंगे।

परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं- पहला होली अर्थात? बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिन्ता न करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो, योगयुक्त होकर करो। दूसरा होली अर्थात? हो गई यानी मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई, अब जो भी कर्म करना है, वह ईश्वर की मत पर ही करना है। तीसरा होली अर्थात? पवित्रता। हमें जो भी कर्म करने हैं, वे किसी भी विकार के वश होकर नहीं वरन पवित्र बुद्धि से करने हैं।

होली का त्योहार हिन्दू वर्ष के अंतिम मास फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाता है। जिसे हम सृष्टि चक्र के रूप में भी समझ सकते हैं। सृष्टि चक्र के दो भाग हैं, ब्रह्मा का दिन और ब्रह्मा की रात्रि। ब्रह्मा का दिन है सतयुग-त्रेतायुग। उस समय सभी देवात्मायें ईश्वरीय रंग में रंगी होती हैं। लेकिन जब द्वापरयुग आता है और ब्रह्मा की रात्रि का प्रारंभ होता है तो मानवात्मायें विकारों से ग्रसित हो बदरंग होने लगती हैं। कलियुग के अंत तक तो इतनी बदरंग हो जाती हैं कि अपनी असली पहचान से पूरी तरह दूर चली जाती हैं, तब निराकार परमात्मा शिव धरती पर अवतरित होकर विकारों से बदरंग बनी आत्माओं को अपने संग का रंग लगाते हैं। उन्हें उजला बनाते हैं। उनमें ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, आनन्द, पवित्रता, शक्ति आदि गुण भरकर देवतुल्य बना देते हैं। चूँकि यह घटना कल्प के अंत में घटती है इसलिए यादगार रूप में होली का त्योहार भी हिन्दू वर्ष के अंतिम दिन मनाया जाता है। भगवान जब आते हैं तो स्वयं तो ज्ञान-गुणों का रंग आत्माओं पर लगाते हैं। जिन पर ज्ञान-गुणों का रंग लग जाता है, उन्हें अन्य आत्माओं पर भी यह रंग लगाने की प्रेरणा देते हैं।

0परमात्मा शिव द्वारा ज्ञान के रंग में मनुष्यों को रंगने का कर्त्तव्य केवल एक या दो दिन नहीं, वर्षभर भी नहीं बल्कि कई वर्षों तक चलता है। ईश्वरीय कर्त्तव्य का यह संपूर्ण काल ही सच्ची होली है। लेकिन भक्तों द्वारा, कई वर्ष चलने वाले ईश्वरीय कर्त्तव्य की यादगार के रूप में केवल एक या दो दिन गुलाल आदि डालकर, लकड़ियाँ और उपले जलाकर होली मना ली जाती है। होली पर हिरण्यकश्यप, होलिका तथा प्रह्माद की कथा का भी आध्यात्मिक रहस्य है। जो लोग प्रह्लाद की तरह स्वयं को परमात्मा का पुत्र मानते हैं, उन्हीं से परमात्मा की प्रीत होती है और जो लोग हिरण्यकश्यप की तरह मिथ्या ज्ञान के अभिमानी हैं और स्वयं को भगवान मानते हैं, वे विनाश को प्राप्त होते हैं और होलिका की तरह जो आसुरियता का साथ देते हैं, वे भी विनाश को ही पाते हैं। कहते है कि हिरण्यकश्यप ने वर प्राप्त किया था कि ÷न मैं दिन में मरूँ, न रात में', ÷न अंदर मरूँ, न बाहर', ÷न किसी मनुष्य द्वारा मरूँ, न देवता द्वारा' यह भी संगमयुग की ही बात है। यह संगमयुग अतुलनीय युग है। यह न ब्रह्मा का दिन है और न ब्रह्मा की रात्रि, यह दोनों का संगम है। यहाँ न मानव हैं, न देव वरन्? तपस्वी ब्राह्मण हैं। इसी लिए तपस्या के बल पर मिथ्या ज्ञान के अभिमान और आसुरी वृत्तियों का अंत होली के रूप में होता है। लेकिन हम इस पवित्र होली को भी अपने हु?दंग से विषैली बना देते हैं, जिससे बचकर रहने की जरूरत है। तो आइए खेलते हैं सुखों और हंसी -ठिठोली की होली, प्रेम की पिचकारी से, लगाते हैं सद्भावना का गुलाल बन्धुत्व की क्यारी से।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**




## रंग-बिरंगी होती है राजस्थान में होली

होली का त्यौहार हर साल पूरे भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में भी उसी उत्साह और जोश के साथ होली मनाई जाती है। होली जिसे मूल रूप से 'होलिका' के नाम से जाना जाता है। केवल एक आधुनिक उत्सव नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति में गहराई से अंतर्निहित सदियों पुरानी परंपरा है। इसके शुरुआती संदर्भ जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथक-गृह्य-सूत्र जैसे प्राचीन धार्मिक कार्यों में पाए जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि होली आर्य सभ्यता में मनाई जाती थी।

होली का त्योहार वसंत ऋतु की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। होली महोत्सव की विशिष्ट तिथि हर साल अलग-अलग हो सकती है, क्योंकि यह हिंदू कैलेंडर में फागुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है।

बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमें पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूमधाम से मनाते हैं। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी-भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है।

## सूडोकु नवताल- 7368

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7367 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**13 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.19 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 07.50 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.30 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.28 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.41 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.57 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.09 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.20 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.35 ब.से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | धनु | 00.51 बजे से |
| | | मकर | 02.56 बजे से |
| | | कुंभ | 04.42 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 72 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 10.36 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी अहोरात्र।
**योग** धृति 13.03 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 10.36 बजे तदनन्तर विष्टि 23.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872282
**जूलियन दिन** 2460747.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** छोटी होली, होलिका दहन, पूर्णिमा उपवास, अट्टकल पोंगाला।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8430

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. जनमत-4
4. सचेत, सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

### ऊपर से नीचे

1. पूजा, प्रार्थना-4
2. मार्ग, पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती(उर्दू-2)

### शब्द पहेली -8429 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | क | ■ | ह | म | रा | ज |
| म | ■ | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | रु |
| ना | ■ | श | त | ■ | ला | ल | ■ | र |
| ना | म | क | र | ण | ■ | की | म | त |
| ■ | लि | ■ | ता | ■ | म | ■ | क्का | ■ |
| अ | न | ल | ■ | मा | न | क | र | ना |
| रा | ■ | हू | र | ■ | मो | ल | ■ | च |
| ज | ■ | ■ | ज | ग | ह | ■ | ■ | ना |
| क | रा | मा | त | ■ | क | ल | श | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# दिल्ली सरकार ने केंद्र के साथ यमुना में नौका विहार की योजना बनाई, जल विशेषज्ञों को रास नहीं आई



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

दिल्ली सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर यमुना में नौकाविहार की योजना बनाई है। इसके लिए दिल्ली और केंद्र के बीच समझौता भी हुआ है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समझौते के बाद दावा किया कि आने वाला कल सुंदर होगा। लेकिन जल और पर्यावरण विशेषज्ञों को ऐसा नहीं लगता।

पानी और पर्यावरण के कुछ जानकारों का मानना है कि अगर यमुना में बोट टूरिज्म शुरू किया गया तो इससे नदी की हालत और खराब होगी। जानकारों ने यह आशंका पारंपरिक और वैज्ञानिक आधार पर व्यक्त की है।

मैग्सेसे पुरस्कार विजेता और जल पुरुष के रूप में देश-दुनिया में ख्यात राजेंद्र का कहना है कि यमुना नदी पर्यटन के लिए नहीं, तीर्थाटन के लिए है। पर्यटन सेवा शुरू करने से नदी की सेहत खराब होगी। अभी सरकार की जो योजना है, उसके हिसाब से विकसित होने वाली नागरिक सुविधाएं नदी के बाढ़ क्षेत्र को नुकसान पहुंचाएगी। वहीं, पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील जिस भी क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बढ़ी हैं, वहां प्रदूषण के नए स्रोत विकसित हुए हैं। इससे भी नदी की स्थिति खराब होगी। सरकार को इस दिशा में सोचना चाहिए।

वहीं, पर्यावरणविद और नदी विशेषज्ञ हिमांशु ठक्कर कहते हैं कि जहां फेरी सेवा शुरू हो रही है, वहीं से पीने का पानी लिफ्ट किया जाता है। इससे अगर सोनिया विहार से जगतपुर तक के बीच नदी का पानी खराब होता है तो हालात बेहद खराब होंगे। अभी तक इसका विस्तृत आकलन भी नहीं किया गया है कि इस सेवा से नदी पर क्या असर पड़ेगा। जलीय जीव जंतु समेत पूरे इको सिस्टम पर कितना प्रभावित होंगे। हालांकि, इतना तय है कि इससे सेवा से नदी की सेहत बिगड़ेगी ही। सवाल बस इसका है कि नुकसान कितना बड़ा होगा।

**समझौते के साथी:** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में मंगलवार को भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए गए। उनके साथ उनके दो बच्चे व पत्नी भी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनों में इतनी भीड़ है। लोग सामान्य टिकट लेकर भी आरक्षित कोच में चढ़ रहे हैं। आरोपी को पकड़ने के बाद, पुलिस ने झपटमारी में इस्तेमाल की गई स्कूटी और छीने गए बैग को बरामद कर लिया। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी का 38 हजार 500 रुपये का चालान किया है। पुलिस का कहना है कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई है। बुधवार को एम्स द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण 9 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल के बाद उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उपराष्ट्रपति को सीने में दर्द के बाद एम्स में भर्ती कराया गया। इस दौरान 20 उच्च-प्रभाव वाले सामुदायिक विकास परियोजनाओं और एक भारत-सहायता प्राप्त स्वास्थ्य केंद्र (एएचसी) परिसर का उदघाटन किया गया। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इससे जमीनी तौर पर स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं का विकास होगा जिससे लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें: नई दिल्ली स्टेशन से संचालित होने वाली ट्रेनों का प्लेटफॉर्म बदला, पढ़ें पूरी जानकारी




**नई दिल्ली,एजेंसी।**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से यात्रा करने की सोच रहे हैं तो अपनी ट्रेन की स्थिति पता करके निकले। होली को लेकर रेलवे ने कई ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदल दिए हैं। होली पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली स्टेशन से संचालित होने वाली 11 से अधिक ट्रेनों का प्लेटफॉर्म बदला है। यह भी निर्णय लिया गया है कि होली स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 16 से संचालित की जाए। इस नीति से स्टेशन पर भीड़ कम होगी और यात्री आसानी से ट्रेन यात्रा कर सकेंगे। वैशाली एक्सप्रेस अब प्लेटफॉर्म नंबर 8 की जगह 16 से रवाना होगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन 7 की जगह 16 से रवाना होगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 12425 नई दिल्ली-जम्मू तवी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 16 की जगह 12 से जाएगी। ट्रेन संख्या 12230 लखनऊ मेल नई दिल्ली प्लेटफॉर्म नंबर 16 की जगह 12 से रवाना होगी। दिल्ली-बनारस प्लेटफॉर्म नंबर 15 की जगह 6 से चलेगी। ट्रेन संख्या 12003 लखनऊ से नई दिल्ली पहुंचने पर प्लेटफॉर्म संख्या 6 की जगह 8 नंबर प्लेटफॉर्म पर आएगी। ट्रेन संख्या 12424 डिब्रूगढ़ राजधानी नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 16 की जगह 15 से चलेगी। ट्रेन संख्या 12302/12306 हावड़ा राजधानी को प्लेटफॉर्म नंबर 15 की जगह 14 से संचालित किया जाएगा। सियालदह एसी दुरंतो प्लेटफॉर्म नंबर 13 की जगह 9 से चलेगी। ट्रेन संख्या 12398 महाबोधि एक्सप्रेस नई दिल्ली-गया जंक्शन प्लेटफॉर्म नंबर 6 की जगह 12 से और ट्रेन संख्या 14211/12420 गोमती एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 12 की जगह 5 से चलेगी। लिहाजा घर से निकलने के पहले यात्री अपने-अपने ट्रेनों की जानकारी लेकर ही स्टेशन पहुंचे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 13 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया, अवैध तरीके से भारत में घुसे थे




**नई दिल्ली,एजेंसी।**

दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जो अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे। इन सभी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान इन बांग्लादेशियों के पास से कई अवैध कागजात भी बरामद किए हैं।

## होली पर महंगी फ्लाइट टिकट से लोगों की जेब होगी ढीली, दोगुना तक हुआ विमानों का किराया



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

होली में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में अपनों के साथ त्योहार मनाना लोगों की जेब पर भारी पड़ने जा रहा है। त्योहार पर ट्रेन और बसें फुल होने पर यदि आप हवाई जहाज से यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो यह आपको महंगा पड़ने वाला है। त्योहार का फायदा उठाने के लिए विभिन्न एयरलाइंस ने महाकुंभ के बाद एक बार फिर फ्लाइट के टिकट के कीमतों में बढ़ोतरी की है। सामान्य दिनों की तुलना में किराया दो से तीन गुना अधिक हो गया है। ट्रेवल एजेंसियों के अनुसार, बिहार, लखनऊ आने के लिए सबसे ज्यादा मारामारी 12-13 मार्च के लिए है। इस दिन ज्यादातर लोगों के टिकट बुक कराने की वजह से फ्लाइटों में सीटें कम बची हैं। नतीजतन टिकट की कीमतों में वृद्धि की गई है। अधिकांश लोग दिल्ली में रहकर नौकरी या पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे में वह त्योहारों पर अपने घर जाते हैं। ट्रेन में टिकट कन्फर्म न होने पर ज्यादातर लोग फ्लाइट का रुख कर रहे हैं। लोगों की इस मजबूरी का फायदा उठाने के लिए एयरलाइंस कंपनियों ने आपदा में अवसर देखते हुए बिहार की राजधानी पटना, गया समेत अन्य प्रमुख हवाईअड्डों के लिए टिकटों की कीमत 10 हजार से लेकर 51 हजार रुपये तक कर दी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ समेत अन्य हवाईअड्डों की फ्लाइट टिकटों पर लोगों को 7 हजार हजार से 40 हजार रुपये तक का भुगतान करना पड़ रहा है।

**बस की टिकट कीमत में भी आया उछाल:** इन दिनों दिल्ली से आनंद विहार, सराय काले खां और कश्मीरी गेट बस अड्डे पर होली मनाने के लिए अपने घर बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान व अन्य राज्यों में जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी है। इन दिनों आनंद विहार बस अड्डा लोगों से खचाखच भरा दिखा। इसमें सबसे अधिक भीड़ मथुरा व पटना जाने वाले यात्रियों की रही। बस स्टैंड पर अपनी बस का इंतजार कर रहे रुपचंद्र यादव ने बताया कि लखनऊ जाने के लिए उनकी शाम पांच बजे की बस है। इसके लिए उन्होंने एक स्लीपर सीट के लिए 1200 रुपये का भुगतान किया है।

## उभरती सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले वायु सेना की क्षमता बढ़ाने पर जोर



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच एकीकृत प्रशिक्षण और परिचालन तालमेल को आवश्यकता बताया। उन्होंने सुरक्षा खतरों के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि, संयुक्त कौशल और अनुकूल रणनीतियों पर जोर दिया। वायु सेना प्रमुख ने तीनों सेनाओं के परिचालन तालमेल को आवश्यकता बताया एयर चीफ मार्शल बुधवार को रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी), वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग लेने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो दिवसीय डीएसएससी के दौरे के आखिरी दिन अपने संबोधन में कोर्स अधिकारियों से बदलाव को अपनाने, उभरते खतरों का गंभीरता से आकलन करने और भविष्य के संघर्षों के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उनकी इस यात्रा ने एकीकृत संचालन और भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व के लिए भारतीय वायु सेना की प्रतिबद्धता को पुष्ट किया।

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने संयुक्त कौशल के महत्व पर जोर देते हुए भारतीय वायु सेना की चल रही क्षमता विकास पहलों और आधुनिक युद्ध में एकीकृत संचालन के महत्व को रणनीतिक परिप्रेक्ष्य में बताया। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में भारतीय वायु सेना कर्मियों की उपलब्धियों, लचीलेपन और अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस दौरे में उन्हें डीएसएससी की प्रशिक्षण गतिविधियों और सशस्त्र बलों के बीच संयुक्तता को बढ़ावा देने के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कठोर शैक्षणिक और पेशेवर प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य के सैन्य नेताओं को आकार देने में संस्थान की भूमिका को सराहा।

## इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर निकला झपटमार- दिन में बनाता था रील, रात को करता था लूट, करीब 16 हजार हैं फॉलोअर्स



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

दिल्ली पुलिस ने एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पवन को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिन में इंस्टाग्राम पर रील बनाता था और रात को लूट की वारदात को अंजाम देता था। आरोपी के इंस्टाग्राम पर करीब 16 हजार फॉलोअर्स हैं। झपटमारी की एक शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो आरोपी की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने इस इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार किया। इसके पास से रुपये और स्कूटी भी जब्त की गई है। उत्तरी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पवन दिन में इंस्टाग्राम पर रील बनाता था और रात में राह चलते लोगों के साथ झपटमारी करता था। इंस्टाग्राम पर आरोपी के करीब 16 हजार फॉलोअर्स हैं। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर सीजेड्ढकेल्वीनड्ढ105 नाम से पेज बना रखा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी पवन ने बीते 4 मार्च को एक लूट की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने दिल्ली के सेंट स्टीफन हॉस्पिटल के पास से जा रहे एक शख्स का बैग छीन कर मौके से भाग गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की स्कूटी की पहचान की। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पवन के पास से पुलिस ने 1.10 लाख रुपये बरामद किए हैं और उसकी स्कूटी भी जब्त कर ली है। पुलिस ने बताया कि आरोपी इससे पहले भी इसी तरह की एक लूट में शामिल रहा है। सीसीटीवी फुटेज से हुई संदिग्ध स्कूटी सवार की पहचान

सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध स्कूटी सवार को देखा गया। पुलिस ने स्कूटी की संभावित रजिस्ट्रेशन संख्या की पहचान की, जो मदनगीर के पते से मेल खाती थी।

## भारत और मॉरीशस के बीच 8 अहम समझौते रणनीतिक साझेदारी को मिला विस्तार



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

भारत और मॉरीशस के बीच वित्तीय अपराध की रोकथाम, छोटे एवं मझोले उद्यम, सार्वजनिक सेवा क्षमता निर्माण, समुद्री सुरक्षा और स्थानीय मुद्रा व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। साथ ही सेंट ब्रैंडन द्वीप का एक नौसैनिक चार्ट भी सौंपा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए संबंधों को अपग्रेड करने की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते को लेकर एक्स पोस्ट में कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस के विशेष अवसर पर उन्हें अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम से मिलने और भारत-मॉरीशस दोस्ती की पूरी श्रृंखला पर चर्चा करने का अवसर मिला। हमने अपनी साझेदारी को एक बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। हमने इस बारे में बात की कि हम बुनियादी ढांचे, आवास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और बहुत कुछ जैसे क्षेत्रों में एक साथ कैसे काम कर सकते हैं। हम एआई, क्षमता निर्माण और स्थायी विकास जैसे क्षेत्रों में अधिक जमीन को शामिल करने पर भी सहमत हैं।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के विकास के लिए भारतीय प्रतिबद्धता को दोहराया और उच्च-प्रभाव वाले सामुदायिक विकास परियोजनाओं के चरण-दो तथा मॉरीशस के लिए एक नए संसद भवन के निर्माण के लिए समर्थन की घोषणा की। दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने संयुक्त रूप से मॉरीशस में भारत-सहायता प्राप्त सिविल सर्विस कॉलेज का उद्घाटन किया। संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है। संस्थान मॉरीशस के नौकरशाहों के केंद्र है।

## नोएडा में थार सवार का आतंक: रास्ते में जो भी आया, उसे टक्कर मारते हुए भागा शख्स; वीडियो देख रह जाएंगे दंग



**नोएडा,एजेंसी।**

नोएडा सेक्टर 16 स्थित कार मार्केट के पास बेलगाम थार सवार युवक ने एक के बाद एक कई गाड़ियों में टक्कर मार दी और तेज रफ्तार से चलते हुए गलत दिशा से निकल गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी का 38 हजार 500 रुपये का चालान किया है। 12 सेकंड के इस वीडियो में बेलगाम थार को सड़क पर उल्टी दिशा में चलते हुए देखा जा सकता है और पहले उसने एक वेगनर में टक्कर मारी फिर स्कूटी में किनारे से टक्कर मारी। स्कूटी सवार दो युवक किसी तरह बाल-बाल बच गए। इसके बाद आगे जाते हुए कई अन्य गाड़ियों में भी टक्कर मारते हुए थार सवार युवक गलत दिशा से सेक्टर 15 की तरफ निकल गया। पुलिस गाड़ी के नंबर के आधार पर वाहन का पता लगाया।

## 11 लाख लेकर नीदरलैंड का दे दिया फर्जी वीजा, एजेंट यात्री के साथ गिरफ्तार



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

आईजीआई एयरपोर्ट जिला पुलिस ने यात्री का नींदरलैंड का फर्जी वीजा बनाने वाले आरोपी एजेंट कुलदीप शर्मा को गिरफ्तार किया है। उसने 11 लाख रुपये लेकर फतेहाबाद, हरियाणा निवासी संदीप कुमार (40) पुत्र राजेंद्र का फर्जी वीजा बना दिया था। कागजातों की जांच के दौरान पीड़ित यात्री संदीप कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसे इरादा इस्तांबुल के रास्ते नीदरलैंड भेजा जा रहा था। पुलिस को शुरूआती जांच में पता लगा है कि आरोपी कुलदीप शर्मा काफी लोगों के फर्जी वीजा-पासपोर्ट बना चुका है। एजेंट से पास से एक फर्जी स्टाम्प बरामद की गई है।

आईजीआई एयरपोर्ट की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि फतेहाबाद, हरियाणा निवासी संदीप कुमार पुत्र राजेंद्र 4-5 मार्च की मध्य रात्रि को भारतीय पासपोर्ट के साथ इस्तांबुल जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। यात्रा दस्तावेजों की जांच के दौरान, उसके पासपोर्ट में एक नकली शेंगेन वीजा चिपका हुआ पाया गया। इसके बाद मामला दर्ज कर यात्री संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। यात्री ने पूछताछ में बताया कि उसके कुछ रिश्तेदार नीदरलैंड में है और वह वहां अच्छा पैसा कमा रहे हैं। उसने भी बेहतर आजीविका और जल्दी पैसा कमाने के लिए वहां जाने का फैसला किया।

वह राज प्रकाश के माध्यम से कुलदीप शर्मा नामक एक एजेंट के संपर्क में आया। एजेंट कुलदीप ने उसे 11 लाख रुपये के बदले इस्तांबुल के माध्यम से नीदरलैंड की यात्रा की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया और उसे फर्जी वीजा दे दिया। आईजीआई थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुशील गोयल की टीम मामले की जांच कर रही थी। पंजाब में एजेंट कुलदीप के संभावित ठिकानों पर कई छापे मारे गए। काफी प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने आरोपी एजेंट रामपुरा, बठिंडा, पंजाब निवासी कुलदीप शर्मा (36) पुत्र कृष्ण कुमार को बठिंडा, पंजाब में उसके एक ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया।

**बैंक खातों की डिटेल खंगाली जा रही है:** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि कुलदीप शर्मा साल 2021 में वह कुछ एजेंटों के संपर्क में आया, जो विदेश भेजने और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को ठगते थे। अन्य एजेंटों की संलिप्तता का पता लगाने, आरोपी व्यक्ति के बैंक खातों की जांच की जा रही है। साथ ही इसी तरह की अन्य शिकायतों/मामलों में उसकी संभावित संलिप्तता का पता लगाया जा रहा है। मामले में शामिल एजेंटों की कड़ी को खत्म करने के प्रयास के साथ जांच जारी है।

**पुलिस ने दी सलाह:** आईजीआई एयरपोर्ट जिला पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वह अपने यात्रा दस्तावेज केवल अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से ही प्राप्त करें। विदेश यात्रा के लिए सस्ती दरों की पेशकश करने वाले धोखेबाज एजेंटों से सावधान रहें। कानूनी जटिलताओं और यात्रा व्यवधानों से बचने के लिए एजेंसियों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करें और सभी दस्तावेजों को सत्यापित करें।



# सुपर वूमन है शिल्पा शेट्टी, हर भूमिका को शान से निभाती हैं

कुंद्रा ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने शिल्पा को हर रोल में शानदार सुपर वूमन बताया। राज ने पत्नी की सराहना करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाया और बताया कि वह हर किरदार में परफेक्ट हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पत्नी के साथ खास पलों को दिखाते हुए वीडियो शेयर किया, जिसमें जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को खूबसूरती से व्यक्त किया गया।

व्यवसायी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर पत्नी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। कुंद्रा ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने शिल्पा को हर रोल में शानदार सुपर वूमन बताया। राज ने पत्नी की सराहना करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाया और बताया कि वह हर किरदार में परफेक्ट हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पत्नी के साथ खास पलों को दिखाते हुए वीडियो शेयर किया, जिसमें जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को खूबसूरती से व्यक्त किया गया। पंजाब के सबसे प्रसिद्ध कवियों में से एक सोनी सिंह थुलेवाल की लिखी कविता के साथ राज ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। वीडियो के साथ कुंद्रा ने कैप्शन में लिखा, महिला दिवस की शुभकामनाएं, उस महिला को जो हर भूमिका को शान से निभाती हैं... पत्नी, मां, उद्यमी और हमारे परिवार की जान। शिल्पा शेट्टी, आप सिर्फ संतुलन ही नहीं बनातीं, आप अपनी शक्ति, ज्ञान और प्रेम से हमें सशक्त बनाती हैं। आप हमें हर दिन प्रेरित करती हैं। सुपर वूमन। इससे पहले राज कुंद्रा ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर किया था, जिसमें वह ट्रेंडिंग रील बनाते नजर आए। रील में शिल्पा शेट्टी गाने के माध्यम से उनसे कहती हैं दुनिया मांगे अपनी मुरादें और फिर कहती हैं, मैं तो मांगू गाड़ी, एक बंगला और डायमंड रिंग। राज कुंद्रा ने हाल ही में अपनी पंजाबी फिल्म 'मेहर' की घोषणा की है। अभिनेता ने मोहाली में राकेश मेहता निर्देशित फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें वह अभिनेत्री गीता बसरा के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। 'मेहर' प्यार, जिंदगी और रिश्तों की एक आकर्षक कहानी है, जो 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, राज के पास दो अन्य प्रोजेक्ट हैं, जिनकी घोषणा जल्द की जाएगी।



## राउडी जनार्दन में इस किरदार में नजर आएंगे विजय देवरकोंडा

विजय देवरकोंडा अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए कमर कस रहे हैं। यह प्रोजेक्ट तब सुर्खियों में आया, जब निर्माता दिल राजू ने गलती से विजय की फिल्म वीडी 15 के शीर्षक का एलान कर दिया। फिल्म का नाम राउडी जनार्दन है, जिसमें विजय और दिल राजू फिल्म निर्माता रवि किरण कोला के साथ काम करेंगे। अब खबर आई है कि विजय देवरकोंडा की इस फिल्म का नाम राउडी जनार्दन रखने की एक खास वजह है। कथित तौर पर फिल्म रायलसीमा क्षेत्र की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी और विजय इस फिल्म में एक उपद्रवी की भूमिका निभाएंगे हालांकि, विजय की फिल्म के बारे में इन रिपोर्टों पर निर्माताओं या अभिनेता की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# रश्मिका मंदाना ने रचा इतिहास

## अब तक कोई भी अभिनेत्री नहीं हासिल कर सकी है ये खास उपलब्धि



दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने इतिहास रच दिया है। वह अब एकमात्र ऐसी अभिनेत्री बन गई हैं, जिनकी तीन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म छावा ने इस प्रतिष्ठित क्लब में अपनी जगह बनाई है।

### छावा बनी 500 करोड़ी

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी छावा 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने तब से ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। यह ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म अपनी शुरुआत से ही लोगों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हासिल कर रही है। महज 23 दिनों मे यह फिल्म 500 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो चुकी है।

### तीन 500 करोड़ी फिल्में देने वाली पहली अभिनेत्री बनी रश्मिका

रश्मिका पिछली दो फिल्में एनिमल और पुष्पा 2¬द रूल भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में कामयाब रही थी। इस उपलब्धि के साथ, रश्मिका ने कई दिग्गज अभिनेत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। दीपिका पादुकोण, नयनतारा और श्रद्धा कपूर जैसी अभिनेत्रियों के पास इस क्लब में केवल एक-एक फिल्म है।

### हर तरह की फिल्मों में दिखाया जलवा

रश्मिका मंदाना की सफलता केवल बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके अभिनय की विविधता और अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज में उनकी व्यापक अपील को दिखाता है। चाहे वह एनिमल में उनका दमदार प्रदर्शन हो, पुष्पा 2 में उनकी मास एंटरटेनर की छवि हो, या फिर छावा में उनका प्रभावशाली किरदार, उन्होंने हर भूमिका में दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है।

### सिकंदर में जल्द आएंगी नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो रश्मिका छावा के बाद फिल्म सिकंदर में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में सलमान खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगदास कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। फिल्म में सत्यराज भी अहम किरदार में दिखेंगे।

## प्रभास के हाथ लगी त्रिविक्रम श्रीनिवास की नई फिल्म?

साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बड़े पैमाने पर इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। फिल्म में प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिलेगा। वहीं, इस बीच प्रभास के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है, जो अभिनेता की नई फिल्म से जुड़ी है।

**प्रभास की नई फिल्म-** रिपोर्ट्स के अनुसार, सुपरस्टार प्रभास साउथ निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ मिलकर एक बड़े बजट की फिल्म बना रहे हैं, जिसका संभावित नाम जटायु रखा गया है। सिने जोश की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का निर्माण फिल्म निर्माता दिल राजू कर रहे हैं, जिन्होंने पहले सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म की योजना बनाई थी, लेकिन अब वह प्रभास के साथ फिल्म बनाने पर विचार कर रहे हैं।



**बड़े पैमाने पर किया जाएगा फिल्म का निर्माण-** हनु राघवपुडी की एक्शन ड्रामा और हॉरर कॉमेडी द राजा साब जैसी कई परियोजनाओं में व्यस्त होने के बावजूद दिल राजू कथित तौर पर इस प्रोजेक्ट को करने के लिए उत्सुक हैं। बताया जाता है कि जटायु की कहानी सबसे पहले निर्देशक मोहन कृष्णा इंद्रगंती ने राजू को सुझाई थी, जिन्होंने इस फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर करने की योजना बनाई थी।

**प्रभास की आने वाली फिल्में-** हालांकि, दिल राजू ने अब श्रीनिवास से संपर्क किया है, जिसका कारण है पौराणिक कथाओं में उनकी विशेषज्ञता। मोहन कृष्णा इंद्रगंती इस फिल्म को लिखेंगे। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को एक रियल हॉलीवुड सुपरहीरो फिल्म बताया है। वहीं, बात करें प्रभास की आने वाली फिल्मों के बारे में तो अभिनेता के पास अगले कई प्रोजेक्ट हैं- संदीप रेड्डी वांगा के साथ स्पिरिट, प्रशांत नील के साथ सालार 2, और कन्नप्पा आदि।

## कई लोग मुझे इंडस्ट्री से निकालना चाहते थे



बॉलीवुड के हीरो नंबर 1 गोविंदा पिछले लंबे वक्त से बड़े पर्दे से गायब हैं। हाल ही में उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इस दौरान गोविंदा सिर्फ रियलटी शोज में ही नजर आए हैं। एक हालिया बातचीत में गोविंदा ने इंडस्ट्री के अपने अनुभवों के बारे में बताया। इस दौरान अभिनेता ने कहा कि इंडस्ट्री में कई लोगों ने उनकी इमेज को जानबूझकर खराब करने का काम किया और उन्हें इंडस्ट्री से बाहर करना चाहते थे।

### 100 करोड़ की फिल्म छोड़ने पर खुद को मारे थप्पड़

एक यूट्यूब चैनल के साथ बातचीत में 'पार्टनर' फिल्म के अभिनेता ने उनको लेकर चलाई जाने वाली खबरों के बारे में बात करते हुए कहा, जब वे लिख रहे थे कि मेरे पास काम नहीं है, तो मैंने 100 करोड़ रुपये की फिल्म छोड़ दी थी। हालांकि, बाद में मैं खुद को आईने में देख रहा था और थप्पड़ मार रहा था कि क्यों मैंने ये फिल्म छोड़ी। मैंने खुद से कहा, 'तुम पागल हो गए हो, उस पैसे से तुम अपनी जिंदगी चला सकते थे।' फिल्म में वही भूमिका थी जो इन दिनों चल रही है। हालांकि, खुद के साथ ईमानदार होना और अपनी अंतरआत्मा की बात सुनना बहुत जरूरी है।

### मेरे खिलाफ की गईं साजिशें

बातचीत के दौरान अभिनेता ने पिछले दिनों को याद करते हुए कहा, उस वक्त जानबूझकर मेरी बदनामी की गई, मेरी छवि को खराब करने का प्रयास किया गया। वे मुझे फिल्म इंडस्ट्री से हटाना चाहते थे। मैं समझ गया था कि मैं एक अशिक्षित व्यक्ति हूं और पढ़े-लिखे लोगों के बीच आ गया हूं और वे मुझे हटाना चाहते थे। मैं उनका नाम खराब नहीं कर सकता, लेकिन मुझे नहीं पता था कि वे किस हद तक जाएंगे। मेरे खिलाफ साजिशें शुरू हो गईं, लोग मेरे घर के बाहर बंदूकों के साथ पकड़े गए। इन सभी साजिशों के बाद मेरा स्वभाव बदल गया। अगर वर्क फ्रंट की बात करें तो गोविंदा अंतिम बार 2019 में आई फिल्म 'रंगीला राजा' में नजर आए थे। इसके बाद से वो बड़े पर्दे से गायब हैं। हालांकि, इस दौरान गोविंदा कभी पैर में गोली लगने तो कभी पत्नी सुनीता के साथ अपने तलाक की खबरों को लेकर चर्चाओं में जरूर बने रहे।

## एक-नजर

### कीटनाशक दवाई खाने से बाँसकोला निवासी युवती हुई बेहोश, सदर अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र के बांसकोला निवासी युवती गुंजन कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता जगदीश मंडल ने बुधवार को आपसी पारिवारिक विवाद में गुस्से में आकर खेत में डालने वाला कीटनाशक दवाई खा लेने से बेहोश हो गई। जहां इस घटना के बाद परिजन उसे आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन इलाज किया। उधर मामले को लेकर युवती के परिजनों ने बताया कि भाई से किसी बात को लेकर हल्की झड़प हो गई थी जिसमें गुस्से में आकर उसने कीटनाशक दवाई खा ली। फिलहाल युवती खतरे से बाहर है और उसका सदर अस्पताल में चिकित्सक की देखरेख में इलाज जारी है।

### 18 मार्च से शुरू होने वाले आईआरएस कार्यक्रम को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**राजमहल :** आगामी 18 मार्च 2025 से प्रारंभ होने वाले इंडोर रेजिड्यूल स्प्रे (आईआरएस) के साथ प्रतिशत सफलता हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तीनपहाड़ के सभागार में बुधवार को छिड़काव कर्मियों के साथ साथ एमपीडब्ल्यू, एमटीएस, केटीस कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल राजमहल के अध्यक्षता में की गई। जिसमें उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल राजमहल द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यदि मलेरिया, कालाजार, फाइलेरिया, डेंगू आदि बीबीडी रोगों से बचना है तो छिड़काव घर के अंदर करवाना आवश्यक है। साथ ही साथ सभी संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी गांव में इंकार होने की स्थिति पर उसकी तुरंत सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे ताकि छिड़काव पूर्ण कराकर इन रोगों से बचा जा सके। इस मौके पर केटीएस मनीष टुडू, एमटीएस अनिल पाल एवं अन्य उपस्थित थे।

### आदिम जनजाति समुदाय की दीदियों ने गुतु गलांग कल्याण ट्रस्ट का किया भ्रमण, बोरा सिलाई कटाई का लिया प्रशिक्षण




**साहिबगंज :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वावधान में बरहेट प्रखंड की आदिम जनजाति समुदाय की दीदियों ने लिट्टीपाड़ा स्थित गुतु गलांग कल्याण ट्रस्ट का शैक्षणिक दौरा बुधवार को किया। इस दौरान उन्होंने डाकिया योजना के अंतर्गत बोरा कटाई, सिलाई, बंडलिंग, छपाई समेत अन्य कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उधर प्रशिक्षण के दौरान दीदियों ने इन कार्यों को नजदीक से समझा और व्यावहारिक अनुभव भी लिया जहां यह प्रशिक्षण उनके आजीविका संवर्धन में मददगार साबित होगा। वही प्रशिक्षित दीदियां अब बरहेट प्रखंड में ही बोरा सिलाई और कटाई का कार्य शुरू करेंगी, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। वही जेएसएलपीएस की इस पहल से आदिम जनजाति की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। वही प्रशिक्षुओं ने इस दौरे को बेहद उपयोगी बताया और सीखे गए कौशल को अपने क्षेत्र में अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।

### छोटा सोलबंधा में आग लगने से झोपड़ी का सारा सामान जलकर हुआ राख, जांच में जुटी पुलिस



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा सोलबंधा में मंगलवार की रात एक झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गई। जहां आगलगी की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी गई। उधर आगलगी की घटना की जानकारी मिलते ही आसपास ग्रामीणों व दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। उधर घटना के संबंध में पीड़ित महेश मंडल ने बताया कि रात के वक्त पास के गांव में भोज खाने गया था जहां उनके झोपड़ीनुमा घर में आग कैसे लग गई इसकी उन्हें कोई भी जानकारी नहीं है। वही उन्होंने बताया कि झोपड़ीनुमा घर में वो सत्तू की दुकान चलाया करते थे और वहीं गाय को खिलाने के लिए चारा रखा करते थे। वही इस आगजनी की घटना में खाना पकाने के सभी सामानों के साथ साथ घर में रखा कपड़ा, बर्तन, पैसा सभी जलकर राख हो गया जहां लगभग 10 से 15 हजार का नुकसान हो गया है। वही उन्होंने बताया कि यह तीसरी आगलगी की घटना हुई है, इससे पहले दो बार घटना घट चुकी है। उधर आगलगी की घटना की जानकारी मिलने के बाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी।

# बरहरवा आरपीएफ की टीम ने रेलवे स्टेशन से नाबालिग लडकी को किया सकुशल बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बरहरवा।** पूर्व रेलवे के मालदा रेलमंडल के साहिबगंज मालदा रेलखंड के बरहरवा रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ के जवानों ने एक नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। जहां इसको लेकर बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि एएसआई विश्वनाथ टुडू, हेड कांस्टेबल महेश कुमार आर्य एवं अनिल कुमार साह ने सोमवार की रात साढ़े आठ बजे से नौ बजे तक राउंड के दौरान देखा गया कि एक नाबालिग लड़की संदिग्ध तरीके से बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 के मुख्य प्रवेश द्वार पर इधर उधर घूम रही थी। जहां पूछने पर उसने अपना नाम व पता निशा कुमारी उम्र 16 वर्ष पिता बीरबल मंडल निवासी सच्चिदानंद, थाना तिलकामांझी, जिला भागलपुर (बिहार) बताया। आगे पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अपनी मां से झगड़ा होने के कारण घर से भाग गई हैं और फिर वह भागलपुर रेलवे स्टेशन पहुंची और बरहरवा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। उधर जब ट्रेन बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंची तो वह ट्रेन से उतर गई और इधर उधर घूमने लगी। वहीं एएसआई विश्वनाथ टुडू ने उसे सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने हिरासत में ले लिया जहां हिरासत में लिए जाने के बाद नाबालिग लड़की को आगे की कानूनी कार्यवाही करने के लिए बरहरवा आरपीएफ पोस्ट लाया गया। जहां आरपीएफ इंस्पेक्टर ने आगे की कानूनी कार्यवाही करने के लिए उक्त नाबालिग लड़की को बाल संरक्षण मंथन के सदस्य आराधना मंडल को सौंप दिया गया है।

### नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

**भेजा गया जेल**

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने बीते दिनों नाबालिग लड़की का अपहरण करने के मामले में कांड संख्या 47/25 अंकित करते हुए नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। वही नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाले आरोपी युवक प्राथमिक अभियुक्त आनन्द कुमार पिता कल्लू मंडल साकिन बड़ा जिरवाबाड़ी चानन को गिरफ्तार करते हुए सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जहां इस बात की जानकारी प्रभारी थाना प्रभारी बंटी कुमार यादव ने दी।

## अर्जुन नगर गोड़ाबाड़ी हाट निवासी महिला ने घर में घुसकर की मारपीट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**आभूषण छीन लेने के मामले में दिया थाना में आवेदन**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर गोड़ाबाड़ी हाट निवासी महिला कल्पना कुमारी पति डॉ. अजय कुमार ने घर में घुसकर मारपीट करने व सोने चांदी के आभूषण छीन लेने के मामले में लिखित आवेदन देते हुए दोषी लोगों के ऊपर कड़ाई से कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। जहां दिए गए आवेदन पत्र में पीड़िता महिला ने जिक्र किया है कि उनके पति डॉ. अजय कुमार जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 153/2024 में उच्च न्यायालय के आदेश पर बीते दिनों 10 मार्च 2025 को मंडल कारा जेल से छुटकर अपने घर आए। जहां दिनांक 11 मार्च 2025 को समय लगभग 11 बजे दिन में जब वो, उनकी पुत्री और उनका अबोध पुत्र एवं नर्स खुशबू कुमारी घर पर थी तो तभी सविता देवी पति स्व. संजय ठाकुर, झरना कॉलोनी निवासी सुशीला देवी एवं कुसुम नाम की एक लड़की तथा एक अज्ञात लड़की तथा चार से पांच अज्ञात लड़के हाथ में पिस्तौल लेकर उसके घर में घुस गए और उसे फैट मुक्का से मारने लगे। वही इस दौरान उनके पास बैठे अबोध पुत्र को उठाकर एक तरफ फेंक दिया जहां बच्चे की रोने की आवाज सुनकर जब उनकी पुत्री अपने कमरे से उसके पास आई तो सविता देवी के कहने पर उन लोगों में से दो लड़के उसकी पुत्री को लेकर जाने लगे। जहां विरोध करने पर सभी लड़कों ने हथियार का भय दिखाकर उन लोगों के साथ बदतमीजी की एवं गले में पहने हुए सोने का चैन, कान की बाली खींच लिए। उधर इस घटना के बाद जब वे लोग चिल्लाने लगे तो सभी लोग छत के तरफ से भागकर छत के मुख्य दरवाजे पर ताला मारकर मौके से फरार हो गए। जहां इस मामले को लेकर पीड़िता महिला ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। उधर प्रभारी थाना प्रभारी बंटी कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को पीड़िता महिला के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें कांड संख्या 49/25 के तहत सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए पूरे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

## तालझारी थाना प्रभारी के रूप में नितेश कुमार पांडेय ने संभाला पदभार ग्रहण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**तालझारी :** तालझारी थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में मंगलवार की देर रात को नितेश कुमार पांडेय ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। जहां पूर्व में नितेश कुमार पांडेय राधानगर थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित थे। उधर पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी ने कहा कि जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना उनका प्रमुख लक्ष्य है।आगे उन्होंने कहा कि जनता में पुलिस का मैत्री भाव पैदा कर क्षेत्र में बेहतर और भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। वहीं उन्होंने तमाम थाना क्षेत्रवासियों से सहयोग करने की अपील की। इस दौरान एसआई अनिल कुमार यादव, कन्हैया प्रसाद साह, एएसआई अनिल कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया होली मिलन कार्यक्रम



### कौशल्या ज्योति ट्रस्ट, बाल कल्याण समिति और हेल्पिंग हैंड्स ने प्रदान की सामग्री

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज :** कौशल्या ज्योति ट्रस्ट और हेल्पिंग हैंड्स के सहयोग से स्थानीय दिव्यांग विद्यालय और बालगृह में रहने वाले बच्चों के बीच बुधवार को होली मिलन कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी बच्चों को अबीर, गुलाल, रंग, पिचकारी, खाद्य सामग्री सहित भरपूर मात्रा में होली की सामग्री प्रदान की गई। वही कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल कल्याण समिति, हेल्पिंग हैंड्स आदि के सहयोग से सभी बच्चों के बीच होली मिलन रखा गया है जहां इसके माध्यम से लोगों को यह संदेश देते हैं कि समाज के अंतिम पायदान के बच्चों को ऐसा ना लगे कि वह अकेले नहीं हैं। इस दौरान बच्चों ने जमकर होली मिलन कार्यक्रम में भाग लिया और उनके चेहरे पर खुशियां देखी गई। वही दुबई में रहने वाले स्थानीय निवासी आनंद वत्स ने बच्चों को अपनी तरफ से भी होली की भरपूर सामग्री प्रदान की।

जहां उन्होंने कहा कि यह बच्चे हमारे महत्वपूर्ण अंग है। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुल सुभान, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, हेल्पिंग हैंड्स के निदेशक अभिदिप्स प्रशांत सागर सहित विद्यालय के सभी कर्मी और बालगृह के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## गंगा नदी थाना परिसर में सदर सीओ सह बीडीओ व सर्किल इंस्पेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज।** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए बुधवार को गंगा नदी थाना परिसर में सदर सीओ सह बीडीओ बासुकीनाथ टुडु व सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न दियारा इलाकों से आए हुए लोगों से अपील किया गया कि वे लोग शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाए एवं किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर अविलंब थाना प्रभारी को सूचना देने को कहा गया। इस मौके पर गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार, कार्तिक उरांव समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना की जिलास्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषि पाठशाला के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में योजना की प्रगति और कार्यों के अनुश्रवण पर चर्चा की गई। उधर बैठक में बताया गया कि बीज गुणन प्रक्षेत्र बरहरवा में शिक्षा एवं कल्याण समिति बरहरवा, बीज गुणन प्रक्षेत्र राजगांव में ग्रीनरी रांची और बीज गुणन प्रक्षेत्र राजमहल में एसके इंटरप्राइजेज रांची के द्वारा कृषि पाठशाला संचालित की जा रही है। जहां इन सभी कार्यों की समीक्षा की गई और वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए 20 मार्च 2025 तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला पशुपालन पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी संतलाल प्रसाद, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, उप परियोजना निदेशक आत्मा और तीनों कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# होली व रमजान पर्व को लेकर बरहरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बरहरवा:** रंगो का त्योहार होली एवं पवित्र माह ए रमजान के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं आमजनों के सुझाव परामर्श हेतू बरहरवा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक की अध्यक्षता बरहरवा बीडीओ सनी कुमार दास व बरहरवा एसडीपीओ नितिन खांडेवाल ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि होली पर्व पर पूर्ण रूप से डीजे पर बजने वाले अश्लीलता गाने पर प्रतिबंध रहेगा। आगे उन्होंने होली के दौरान किसी भी समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई भी भड़काऊ गाना या फूह? गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। वही सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा जहां ऐसा करने वाले के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। वही किसी को भी जबरन रंग नहीं लगाए। वही असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है जहां होली के दिन पुलिस गश्ती टीम लगातार गस्ती करेगी। वही होलिका दहन सार्वजनिक स्थल जैसे चौक चौराहे पर नहीं करेंगे साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि प्रदूषण का ख्याल रखते हुए किसी प्रकार की टायर व रबर आदि वस्तुओं की उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही साथ सोशल मीडिया एडमिनों को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे एवं किसी भी समुदाय एक या व्यक्तिगत विशेष को लक्ष्य करके कोई पोस्ट नहीं डालेंगे अन्यथा ग्रुप एडमिन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही होली के दिन सभी प्रकार के बड़े वाहन और ट्रैक्टर का परिचालन पूर्ण रूप से बाजार में बंद रहेगा। इस मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, बरहरवा प्रभाग के इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान, प्रखंड मंडल अध्यक्ष रंजीत टुडू, जीआरपी थाना प्रभारी विमल रंजन तिग्गा, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## होली पर्व को लेकर बरहेट पुलिस ने निकाल फ्लैग मार्च



**बरहेट।** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में बुधवार को बरहेट बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां इस फ्लैग मार्च में बीडीओ सह सीओ अंशु कुमार पांडे शामिल हुए। उधर थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि होली पर्व को लेकर बरहेट बाजार, तीन मोहानी चौक के अलावा विभिन्न चौक चौराहा से होकर पुलिस ने भ्रमण किया जहां प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों से होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संदेश दिया। आगे उन्होंने कहा की होली के दिन हुडदंग करने वाले लोगों की खैर नहीं है जहां पुलिस की पैनी नजर है। इस फ्लैग मार्च के मौके पर एसआई अशोक सिंह, हरिनंदन मंडल के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## पर्व त्योहार पर सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही : एसडीओ



### पुलिस की रहेगी चप्पे चप्पे पर पैनी नजरः एसडीपीओ

### होली व रमजान पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाएः मुख्यालय डीएसपी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज।** जिले में होली व रमजान पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने के जिला प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव मोड में नजर आ रही है। जहां बुधवार को नगर थाना और जिरवाबा?ी थाना क्षेत्र में उपायुक्त हेमंत सती व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के संयुक्त निर्देश पर पूरे शहर में पुलिस जवानों को साथ लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां यह फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल घूम घूमकर आमजनों को शांतिपूर्ण तरीके से पर्व त्योहार मनाने की अपील की। वही जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आमजनों से अपील किया कि होली व रमजान पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाए एवं जिला प्रशासन को सहयोग करें।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह, द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्लांट संख्या-342, 344 चिरौंदी-बोरया रोड, रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादक : मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), : 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/2014/59794

# मप्र का वर्ष 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी, जीएसडीपी में 11.05 प्रतिशत की वृद्धि

**भोपाल,एजेंसी।**

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्य सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट वर्ष 2024-25 जारी की। इसमें बताया गया है कि मध्य प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्ष 2024-25 प्रचलित भावों पर 15 लाख तीन हजार 395 करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो वर्ष 2023-24 में 13 लाख 53 हजार 809 रुपये करोड़ था। पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जीएसडीपी में 11.05 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश ने वर्ष 2028-29 तक जीएसडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2024-25 के अनुसार मध्य प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2024-25 में स्थिर भावों पर जीएसडीपी सात लाख 12 हजार 260 करोड़ रुपये है, जो वर्ष



2023-24 में छह लाख 71 हजार 636 करोड़ रुपये रहा। यह 6.05 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि दिखाता है। मध्य प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 प्रचलित भावों पर रुपये एक लाख 52 हजार 615 रुपये हो गई है। स्थिर भाव पर वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 70 हजार 434 है। मध्य प्रदेश के सकल मूल्य वर्धन में प्रचलित भावों पर वर्ष 2024-25 में क्षेत्रवार हिस्सेदारी क्रमशः प्राथमिक क्षेत्र में 44.36 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र में 19.03 प्रतिशत तथा तृतीयक क्षेत्र में 36.61 प्रतिशत रही है। मध्य प्रदेश ने लोक वित्त में अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रभावी कदम उठाये गये हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व अधिशेष 1700 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 4.11 प्रतिशत तक सीमित रहेगा। राजस्व प्राप्तियां दो लाख 63 हजार 344 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, कृषि फसल क्षेत्र का प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत योगदान वर्ष 2024-25 में 30.90 प्रतिशत रहा लेकिन प्रचलित भाव पर यह 10.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि स्थिर भाव में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह पशुधन क्षेत्र में 7.45 प्रतिशत का योगदान रहा। इसकी वृद्धि स्थिर भाव पर क्रमशः 11.93 प्रतिशत एवं 8.39 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि ÷विकसित भारत÷ की कल्पना के अनुरूप ÷विकसित मध्य प्रदेश के रूप में राज्य अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करेगा। प्रदेश की मजबूत बैंकिंग प्रणाली और वित्तीय समावेश की शक्ति से आर्थिक तंत्र निरंतर सशक्त हो रहा है। वित्त मंत्री देवड़ा ने कहा कि कृषि और कृषि प्र-संस्करण के माध्यम से आय के स्रोतों में वृद्धि हो रही है, जबकि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, बड़ी अधोसंरचनात्मक परियोजनाएं, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का विस्तार, और ऊर्जा उपलब्धता में बढ़ोतरी जैसे महत्वपूर्ण घटक एक आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में प्रदेश की प्रगति को दर्शाते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक और सामाजिक समावेश तथा महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देने से आर्थिक और सामाजिक उन्नति में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में गरीब कल्याण, युवा शक्ति, अन्नदाता, और नारी शक्ति जैसे चार प्रमुख मिशनों की शुरुआत की है। ये मिशन क्रमशः समाज के वंचित वर्गों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के समग्र विकास एवं आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने कार्यरत हैं। सरकार का संकल्प है कि राज्य की आर्थिक नीतियां समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास में सहायक हों और व्यापक आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करें।मध्य प्रदेश उपायों को अपनाया है।

# धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर नियमों का हो रहा उल्लंघन, सीएम बोले- पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई



**मुंबई,एजेंसी।**

महाराष्ट्र में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर से संबंधित नियमों का पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है। यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में कही। फडणवीस ने कहा कि यदि कोई खामी सामने आई तो संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फडणवीस ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर सुबह छह बजे से रात 10 बजे के बीच इस्तेमाल किए जाने चाहिए और दिन में ध्वनि की सीमा 55 डेसिबल तथा रात में 45 डेसिबल होनी चाहिए। उन्होंने चेताया कि इन मानदंडों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गृह विभाग के प्रभारी और सीएम फडणवीस ने कहा कि पुलिस निरीक्षकों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर दिशा-निर्देशों को लागू करने का काम सौंपा गया है। उन्होंने नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए संबंधित कानून में बदलाव की भी वकालत की।विधानसभा में भाजपा विधायक देवयानी फरांडे एवं अतुल भटकलकर के प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर से संबंधित ध्वनि नियमों का उस तरह से क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है, जैसा किया जाना चाहिए। फडणवीस ने स्वीकार किया कि पुलिस उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में शक्तिहीन है। क्योंकि इस संबंध में केंद्रीय कानून के अनुसार महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) के पास नियमों के उल्लंघन के मामले में कार्यवाही का अधिकार है।उन्होंने कहा कि मानदंडों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कानून में बदलाव किए जाने की आवश्यकता है तथा केंद्र से अनुरोध किया जाएगा कि वह राज्य को इस दिशा में आगे बढ़ने की अनुमति दे और आवश्यक कदम उठाए।

# लगातार प्रधानमन्त्री मोदी मोटापा के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे- आनंदी बेन पटेल

**वाराणसी,एजेंसी।**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि नियमित व्यायाम से सभी प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है और यह शरीर में पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है। व्यायाम से शरीर में लहू का संचार बेहतर होता है, जिससे शरीर मजबूत और सक्रिय रहता है। राज्यपाल ने युवाओं से अपील की कि वे प्रतिदिन खेलों में भाग लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान में मोटापे के प्रति जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं । उन्होंने खाने के तेल के सेवन को 10 प्रतिशत तक कम करने पर जोर दिया, जिससे लोग अधिक स्वस्थ जीवन जी सकें। राज्यपाल अपने वाराणसी दौरे के दूसरे और अन्तिम दिन मंगलवार को बड़ालालपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित जनपद स्तरीय पीएम श्री वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता को सम्बोधित कर रहीं थीं। इस



अवसर पर उन्होंने युवाओं से कहा कि खेलते रहिए, खिलते रहिए, जो खेलेगा वह खिलेगा। उन्होंने स्कूलों में बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि मजबूत बच्चियां ही समाज में सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को टीमवर्क की भावना से कार्य करने की सलाह दी, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें और खेल के क्षेत्र में नये नवाचार कर सकें। उन्होंने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि बचपन में वह 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़ में अव्वल रहती थीं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छुट्टियों के दौरान वे खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षण लें। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कंपोजिट विद्यालय पिंडरा ने पहले स्थान, कंपोजिट विद्यालय सेवापुरी ने दूसरे स्थान और कंपोजिट विद्यालय सारनाथ ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया। 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में शुभम पटेल और महिला वर्ग में स्थान पाया।

# किसानों के प्रदर्शन के बाद शुरू हुई प्याज की नीलामी, पानी की टंकी पर चढ़कर जताया था विरोध

**नासिक,एजेंसी।**

महाराष्ट्र के नासिक में लासलगांव एपीएमसी में प्याज की नीलामी मंगलवार को शुरू हुई। इससे एक दिन पहले किसानों ने कीमतों में गिरावट के विरोध में कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोक दी थी और पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को मांग की कि प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क हटाया जाए। उनका दावा है कि लासलगांव में कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) में कीमतों में गिरावट के लिए यही कारण है। बता दें कि, लासलगांव एशिया का सबसे बड़ा थोक प्याज मंडी है।

**क्यों हुआ विरोध:** एक दिन पहले सोमवार को 15 किसानों ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया और कुछ समय के लिए प्याज की नीलामी रोक दी। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि 20त्न निर्यात शुल्क के कारण प्याज की कीमतें गिर रही हैं।





उन्होंने मांग की कि सरकार निर्यात शुल्क को हटाए, ताकि कीमतें फिर से बढ़ सकें।

**कितनी गिरीं प्याज की कीमतें:** सोमवार को गर्मी की फसल की प्याज की कीमतें न्यूनतम 1000 प्रति क्विंटल और अधिकतम 2201 प्रति क्विंटल के साथ औसतन 1800 प्रति क्विंटल रहीं। वहीं लाल प्याज की कीमतें न्यूनतम 800 प्रति क्विंटल और अधिकतम 2005 प्रति क्विंटल के साथ औसत न 1700 प्रति क्विंटल रहीं। जबकि पांच दिन पहले यही कीमतें 2250-2300 प्रति क्विंटल थीं, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ गई।

**कैसे हुआ विवाद का समाधान:** किसानों ने राज्य कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे से आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन खत्म किया। उन्होंने कहा कि येवला के विधायक छगन भुजबल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसानों को शांत कराया। लासलगांव APMC में प्याज की नीलामी दोबारा शुरू हुई। सुबह 13,000 क्विंटल प्याज रही।

# क्या यही है आपकी मोहब्बत की दुकान, केटीआर ने राहुल पर साधा निशाना; जानें अब किस मामले में घेरा



**हैदराबाद,एजेंसी।**

तेलंगाना में दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी के मामले ने सियासत में गर्माहट ला दी है। इसी बीच भारत राष्ट समिति (बीआरएस) पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक केटी रामा राव (केटीआर) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट जरिए राहुल गांधी से पूछा कि क्या यही आपकी मोहब्बत की दुकान है बता दें कि केटीआर का ये सवाल दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी के बाद आया है।

**केटीआर ने कांग्रेस सरकार पर लगाया आरोप:** केटीआर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इन महिला पत्रकारों का सिर्फ यह अपराध था कि उन्होंने कांग्रेस सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता की राय को आवाज दी। उन्होंने राहुल गांधी से यह भी कहा कि भारत का संविधान, जिसे वे बार-बार मानने की बात कहते हैं, नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। साथ ही केटीआर ने यह सवाल उठाते हुए राहुल गांधी से पूछा कि क्या यह सही है कि पत्रकारों को केवल अपनी राय रखने के लिए गिरफ्तार किया जाए, जबकि संविधान में यह स्वतंत्रता दी गई है।

**एक नजर पूरे मामले पर:** गौरतलब है कि हैदराबाद में बुधवार तड़के वरिष्ठ पत्रकार रेवती और उनकी सहकर्मी युवा पत्रकार तन्वी यादव को पुलिस ने उनके घर से कथित तौर पर गिरफ्तार कर लिया। इनकी गिरफ्तारी का कारण यह बताया गया कि उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक किसान का वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह कांग्रेस सरकार के दौरान अपनी कठिनाइयों के बारे में बता रहे थे। महिला पत्राकारों की गिरफ्तारी से पूरे इलाके में गुस्सा फैल गया और बीआरएस पार्टी के नेताओं ने रेवंत रेड्डी सरकार की आलोचना तहत मीडिया को दबा रही है।

# गृह मंत्री अमित शाह के बेटे बनकर मणिपुर विधायकों से मांगे चार करोड़, उत्तराखंड से तीन गिरफ्तार

**इंफाल,एजेंसी।**

मणिपुर पुलिस ने तीन युवकों को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। इन तीनों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे बनकर मणिपुर के कई विधायकों को फोन करने का आरोप है। आरोपियों ने विधायकों को सीएम बनाने के बदले चार करोड़ रुपये की मांग की थी। मणिपुर में बीते महीने एन बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है।

**क्या है मामला:** एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य के कई विधायकों को फोन आए, जिनमें फोन करने वाले ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह बताया और कहा कि अगर वे चार करोड़ रुपये दे दें तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है। जब पुलिस को इसकी शिकायत मिली तो जांच शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद तीन आरोपियों को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है और तीनों को इंफाल लाया गया। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के निधौरी कलां निवासी उवैश अहमद, दिल्ली के गाजीपुर निवासी गौरव नाथ और प्रियांशु पंत के रूप में हुई है।

**दो प्रतिबंधित संगठनों के 10 सदस्य पकड़े गए:** मणिपुर के दो प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े 10 लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक अस्थायी कैंप से साथ लोगों को पकड़ा है। इन्हें इंफाल पश्चिम के तेरा उराक इलाके से पकड़ा गया है। संदिग्धों के पास से हथियार और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस संगठन से जुड़े दो और लोगों को इंफाल ईस्ट से खुरई चिंगाबम इलाके से पकड़ा। मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन प्रीपेक से जुड़े एक संदिग्ध को भी पकड़ा है। संदिग्ध मणिपुर के काकचिंग और बिष्णुपुर जिले में लोगों से वसूली करने में शामिल थे। वहीं लाल प्याज की नीलामी दोपहर तक शुरू नहीं हुई थी। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के सामने विद्यार्थियों ने 100 मीटर दौड़ में अपनी क्षमता दमखम का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह और हंसराज विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखे।

# मणिपुर में सड़क दुर्घटना में 3 बीएसएफ कर्मियों की मौत, 13 घायल

**इंफाल,एजेंसी।**

मणिपुर के सेनापति जिले के चांगौबंग गांव में सुरक्षाबलों का एक ट्रक खाई में गिर गया। इस हादसे में कम से कम तीन बीएसएफ जवानों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के दो कर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों के शव सेनापति के जिला अस्पताल में रखे गए हैं।उन्होंने बताया कि घायल बीएसएफ कर्मियों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने सेनापति जिले के चांगौबंग गांव में हुए दुखद हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिसमें तीन बीएसएफ कर्मियों की जान चली गई। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# कर्नाटक ने पर्यटकों को लेकर जारी किए निर्देश, दूरस्थ स्थानों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य

**बंगलूरू,एजेंसी।**

कर्नाटक सरकार ने पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होमस्टे, रिसॉर्ट और होटलों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए। इसके तहत, मेहमानों को दूरस्थ स्थानों या जंगली क्षेत्रों में ले जाने से पहले पुलिस या वन विभाग की अनुमति लेना अनिवार्य है।6 मार्च को कोप्पल जिले में इस्राइली समेत दो महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म और एक पर्यटक की हत्या का शर्मनाक मामला सामने आया था। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए सरकार ने मंगलवार को आदेश जारी किया। कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। आदेश में कहा गया है कि राज्य भर के पर्यटन स्थलों पर स्थित 'होमस्टे' को विदेशी आगंतुकों समेत सभी पर्यटकों के लिए उचित सुरक्षा उपाय लागू करने होंगे। पर्यटकों को सुदूर या निर्जन क्षेत्रों में ले जाने से पहले पूर्व सूचना दी जानी चाहिए तथा संबंधित थाने से अनुमति ली जानी चाहिए।इस आदेश में कहा गया है कि यदि पर्यटकों को पुलिस या वन विभाग की पूर्वानुमति के बगैर दूरदराज के स्थानों, बाहरी इलाकों या जंगली क्षेत्रों में ले जाया जाता है, तो 'होमस्टे' मालिकों को बदमाशों या जंगली जानवरों के कारण होने वाली किसी भी घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उन्हें कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

**जिला अधिकारियों को सौंपा सुरक्षा का जिम्मा:** सरकार ने जिला अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि होमस्टे, होटल और रिसॉर्ट दिशानिर्देशों का पालन करें। इसके अतिरिक्त, उन्हें संभावित जोखिमों का आकलन करने करने के लिए जिला अधिकारियों को साइट विजिट कार्यक्रमों की एक सूची देने को कहा... ताकि सुरक्षा पुख्ता की जा सके।हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 'होमस्टे' मालकिन पर्यटकों को तारे देखने के लिए तुंगभद्रा नहर के किनारे ले गयी थी, तभी मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने उन पर हमला कर दिया।

# बुंदेलखंड भरेगा बीडा से विकास की रफ्तार, 200 एकड़ में बनेगा फार्मा पार्क : मुख्यमंत्री

**झांसी,एजेंसी।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के एक दिवसीय दौरे में बुंदेलखंड के विकास का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) 56,000 एकड़ भूमि पर बन रहा है। अभी से ऑफर आने लग गए हैं। फार्मा पार्क के लिए 2,000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके साथ ही बुदेलखंड का विकास रफ्तर भरेगा। युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अब युवा जॉब के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि युवाओं के पीछे जॉब भागेगी। एक-एक युवा आठ से 10 युवाओं को रोजगार देगा। अकेले बुंदेलखंड में 1000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है।



उन्होंने यह बात मंगलवार को युवा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों को रोजगार शुरू करने के लिए पांच-पांच लाख के चेक वितरित करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने वीरांगना महालक्ष्मीबाई के शौर्य और वीर भूमि को में नमन करते हुए युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अकेले बुंदेलखंड में 1,000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। पांच लाख का लोन ब्याज मुक्त,गारंटी मुक्त है। मार्केट की नब्ज को टटोलकर अपने अनुसार कार्य को ढूंढने की जरूरत है। महाकुंभ में भी युवाओं ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ा। आज तकनीकी का युग है। युवा एमएसएमई रजिस्ट्रेशन कराएं। अगर कोई आपदा भी आती है तो एमएसएमई आपको पांच लाख का सुरक्षा कवर भी देगा। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इसी उत्तर प्रदेश में सूर्यास्त के बाद आवागमन ठप्प हो जाता था। बेटियां स्कूल जाने को डरती थी। व्यापारी व्यापार करने में डरता था। किसान आत्महत्या करने को मजबूर होता था और नौजवान पलायन करने को मजबूर था। जो प्रदेश पहले बीमारू राज्य माना जाता था। आज अग्रणी प्रदेश है। आज प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन गया है। डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। फार्मा पार्क के लिए 2000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। सबरी कैंटीन खोली जाएंगी योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब हर घर नल से जल योजना अपने अंतिम चरण में है। पानी के लिए कभी बुंदेलखंड तरसता था। केन बेतवा लिंक परियोजना भी आगे बढ़ गई है। बुन्देलखण्ड को माफिया राज और दंगाइयों से मुक्त किया गया है, अब किसी दूसरे को पैर मत रखने देना। आने वाले समय में सबरी कैंटीन खुलवाएंगे। आदिवासियों को सरकारी योजना से जोड़ने का लक्ष्य लिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी के द्वारा निर्मित सिटी पैथोलॉजी हॉस्पिटल ,पैथोलॉजी सेंटर एवं चार स्पोक कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया। रानी लक्ष्मीबाई पार्क परिसर में बने स्पेस म्यूजियम को भी देखा। इस मौके पर महाकुम्भ के सफलतम आयोजन पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान सांसद अनुराग शर्मा, विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव गोविंद कुशवाहा उपस्थित रहे।

# होली के दौरान शाकाहारी भोजन करें..., नवद्वीप नगर पालिका प्रमुख की निवासियों से अपील

**नबद्वीप,एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के नवद्वीप नगर पालिका के अध्यक्ष बिमान कुमार साहा ने होली पर निवासियों से तीन तक शाकाहारी भोजन करने की अपील की। होली को यहां डोल उत्सव के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि नवद्वीप वैष्णव संत और भक्ति काल के प्रमुख कवि चैतन्य महाप्रभु की जन्मस्थली है। यहां दुनियाभर से श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान मांसाहारी भोजन न बेचा जाए और न ही पकाया जाए।

**मांस विक्रेताओं से दुकानें बंद रखने का लिया फैसला:** साहा ने कहा, हमने निवासियों से 13 मार्च से तीन दिन तक शाकाहारी भोजन करने की अपील की है, ताकि तीर्थस्थली की पवित्रता बनी रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश नहीं है, बल्कि नवद्वीप में रहने वाले लोगों से एक विनम्र अपील है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता साहा ने कहा, हमारी सोमवार को एक बैठक हुई है। मांस और मछली विक्रेताओं ने स्वेच्छा से इस अवधि के दौरान अपनी दुकानें बंद रखने का फैसला लिया है।

**वैष्णव मठों ने किया अपील का समर्थन:** नवद्वीप में करीब 200 मछली विक्रेता और 45 मांस विक्रेता हैं। साहा ने कहा कि होली के दौरान मांस और मछली को देखना पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए अच्छा नहीं होगा। नवद्वीप में करीब 200 वैष्णव मठ हैं, जिन्होंने शाकाहारी भोजन की अपील का समर्थन किया है। केटीआर ने वीडियो के साथ शेयर की गई अपनी एक पोस्ट में वरिष्ठ महिला पत्रकार रेवती की गिरफ्तारी की निंदा की। केटीआर ने आरोप शासन का प्रमाण है।